# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार, 15 दिसंबर, 2025


# हर मरीज के लिए फ्री ओ पी डी, सभी इलाज और ऑपरेशन आयुष्मान से

## NABH से पूर्ण मान्यता प्राप्त, 1500 बिस्तरों का मध्य भारत का सबसे बड़ा एवं एडवांस श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल

### 1550 रुपए में सीटी स्कैन, 530 में सोनोग्राफी, 750 रुपए में एंडोस्कोपी

रायपुर. श्री बालाजी हॉस्पिटल ने विभिन्न चिकित्सा जांचों को रियायती दरों पर उपलब्ध कराकर मरीजों को बड़ी राहत प्रदान की है. श्री बालाजी हॉस्पिटल में सीटी स्कैन की कीमत मात्र 1550 रुपए निर्धारित की गई है, जो बाजार में सामान्य रूप से 3000 से 5000 रुपए तक होती है. इसी तरह, सोनोग्राफी जैसी महत्वपूर्ण जांच केवल 530 रुपए में की जा रही है, जो अन्य निजी अस्पतालों में 1000 से 2000 रुपए तक हो सकती है. सबसे उल्लेखनीय है एमआरआई की कीमत, जो बाजार में औसतन 6300 रुपए है, लेकिन इस अस्पताल में इसे केवल 3150 रुपए में उपलब्ध कराया जा रहा है. यह 50% से अधिक की छूट मरीजों के लिए एक बड़ा लाभ है. अस्पताल में अन्य जांचों की दरें भी किफायती रखी गई हैं. ईको और टीएमटी, जो हृदय संबंधी जांच के लिए महत्वपूर्ण हैं, दोनों केवल 800-800 रुपए में उपलब्ध हैं. एंडोस्कोपी 750 रुपए और कोलोनोस्कोपी 1500 रुपए में की जा रही है, जो सामान्य बाजार दरों की तुलना में काफी कम है. इसके अतिरिक्त, रक्त जांच जैसी नियमित लेकिन आवश्यक जांचें भी रियायती दरों पर उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों को बार-बार होने वाली जांचों का खर्च कम करना आसान हो गया है.

### गंभीर से गंभीर बीमारियों का आईसीयू में आयुष्मान से इलाज

रायपुर। आयुष्मान कार्ड से रायपुर के मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में सभी तरह की सर्जरी बिना किसी शुल्क के की जाती हैं। अस्पताल में 20 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर मौजूद है, जहां किडनी ट्रांस्प्लांट, लीवर ट्रांस्प्लांट, रोबोटिक सर्जरी, ओपन हार्ट सर्जरी, बाईपास सर्जरी, गेस्ट्रो एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, ट्रामा सर्जरी समेत सभी प्रकार के ऑपरेशन आत्याधुनिक पद्धति से विशेषज्ञों द्वारा किए जाते है सभी सर्जरी आयुष्मान कार्ड के तहत कैशलेस होती हैं (गवर्नमेंट रिज़र्व पैकेज के अतिरिक्त) ।350-बेड के एडवांस आईसीयू में 24 घंटे 25 इंटेंसिविस्ट और सेंट्रल इंडिया के सबसे सीनियर डॉक्टरों की निगरानी में मरीजों का इलाज होता है। सभी आईसीयू अत्याधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त हैं। 102 वेंटीलेटर के साथ इकमो मशीन एवं आईसीयू मे डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध है. अस्पताल मे 60 डायलिसिस मशीन एवं सीआरआरटी (कंटीन्यूअस रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी ) डायलिसिस के साथ डायलिसिस का बड़ा सेटअप है। श्री बालाजी हॉस्पिटल में अब न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि मध्यप्रदेश और ओडिशा से भी बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं और आयुष्मान योजना का पूरा लाभ ले रहे हैं - बिना किसी खर्च के, देखरेख के साथ।

### स्पेशलिटी विभाग में 100 रु और सुपर स्पेशलिटी विभाग में पंजीयन 500 रु में 01 साल के लिए फ्री ओपीडी

**रोजाना 2000 से अधिक मरीज ओपीडी मे ले रहे इसका लाभ**

रायपुर. श्री बालाजी हॉस्पिटल में अब मरीजों को ओपीडी में डॉक्टर से चेकअप कराने के लिए बार-बार फीस देने की जरूरत नहीं है. साल में उन्हें मात्र 100 रुपए का एक बार पंजीयन कराना होगा. इसके बाद वे साल भर तक डॉक्टर से निःशुल्क परामर्श ले सकेंगे, अस्पताल में सभी स्पेशियालिटी विभाग जैसे मेडिसीन विभाग, सर्जरी विभाग, हड्डी रोग विभाग, स्त्री रोग विभाग, शिशु रोग विभाग, मनोरोग विभाग, नाक-कान-गला विभाग, दंत रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, चर्म रोग विभाग में इस योजना का लाभ मरीज जितनी बार चाहे सालभर तक ले

साथ ही सुपर स्पेशियालिटी विभाग जैसे हृदय रोग विभाग, न्यूरोलॉजी, किडनी रोग विभाग, कैंसर विभाग, मूत्र रोग विभाग, रेस्पिरेटरी मेडिसिन गठियावात रोग विभाग में डॉक्टर परामर्श के लिए मरीजों को साल में एक बार सिर्फ 500 रुपए का पंजीयन शुल्क देना होगा. अस्पताल में रोजाना 2000 से अधिक मरीज इस योजना का लाभ लेने के लिए पहुंच रहे है. डॉ देवेंद्र नायक कहते है कि बीपी-शुगर, किडनी डायलिसिस, हार्ट के मरीज, कैंसर के मरीज, बच्चों के रूटीन चेकअप और बुजुर्गों को लगातार डॉक्टर से परामर्श के लिए नियमित हॉस्पिटल जाना पड़ता है. जिससे मरीजों की शिकायत होती है कि जितनी भी बार वे अस्पताल जाते है उन्हें चार्ज लगता है. इसी समस्या को देखते हुए हमने ये सुविधा पिछले वर्ष से शुरू की है और ये निरंतर अस्पताल में जारी रहेगी अस्पताल से कोई भी इलाज से सम्बंधित जानकारी के लिए 7389116903, 8305983939, 9926191294, 0771-4241000/01/02 संपर्क करे






### देश का एक मात्र प्राइवेट हॉस्पिटल है जहाँ होती है नि:शुल्क डिलीवरी

रायपुर। श्री बालाजी हॉस्पिटल मे पिछले 7 वर्षो से बच्चे होने पर कोई शुल्क नहीं लगता , हॉस्पिटल मे नार्मल या सिजेरियन डिलीवरी पूरी तरह निःशुल्क कराई जाती है। बालाजी हॉस्पिटल ने 1500 डिलीवरी निःशुल्क करने का नया कीर्तिमान रचा है , ये देश का एक मात्र प्राइवेट हॉस्पिटल है जहाँ नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी पूरी तरह से निःशुल्क होती है।

यहां तक की जनरल वार्ड में 5 दिनों तक रूकने और गर्भावस्था के दौरान की जाने वाली खून जांचें भी निःशुल्क है। स्त्री रोग विभाग की आयुष्मान कार्ड से डिलीवरी का पैकेज हटा दिया गया है, लेकिन श्री बालाजी हॉस्पिटल में महिलाओं के लिए निःशुल्क डिलीवरी की सविधा उपलब्ध है। यहां तक यदि उन्हें इस दौरान ऑपरेशन की भी जरूरत पड़ती है तो उसका भी कोई शुल्क अस्पताल में नहीं लिया जाता है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए कोई भी नियम-शर्त नहीं है, डिलीवरी के अंतिम छणों में भी यदि महिला अस्पताल में पहुंच जाती है तो इस योजना का लाभ उन्हें मिलता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए महिलाएं न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पड़ोसी राज्य जैसे ओडिशा और मध्यप्रदेश से भी पहुंच रही हैं।

### एंजियोप्लास्टी और ओपन हार्ट सर्जरी भी आयुष्मान से

रायपुर। मोवा स्थित श्री बालाजी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सकों की मदद से हृदय रोगों से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन, जैसे एंजियोप्लास्टी, हार्ट सर्जरी और बच्चों के हृदय रोगों का उपचार, आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क प्रदान करता है। श्री बालाजी हॉस्पिटल में 2010 में स्थापित कार्डियोलॉजी विभाग में सबसे एडवांस सीलिंग माउंटेड फिलिप्स 5C-12 कैथ लैब मौजूद है। यहां एंजियोग्राफी, कोरोनरी एंजियोप्लास्टी,पेरिफेरल एजियोप्लास्टी, वाल्वोप्लास्टी और पेसमेकर प्रत्यारोपण, ओपन हार्ट सर्जरी जैसी सभी सर्जरी एडवांस तकनीक से की जाती हैं। बच्चों के जन्मजात हृदय रोगों (कंजेनिटल हार्ट डिजीज) के उपचार में भी किये जाते है। जन्मजात हृदय दोष, जैसे दिल में छेद (एएसडी, वीएसडी) या अन्य जटिलताएं, बच्चों के लिए जानलेवा हो सकती हैं। कई परिवार आर्थिक तंगी के कारण इनका इलाज नहीं करा पाते।

### 45 दिनों तक आईसीयू और वेंटीलेटर में बिना खर्चे के आयुष्मान से हुआ इलाज

**13 साल का मासूम अस्पताल से हुआ डिस्चार्ज मास्टर, प्रिंस 25 दिनों तक था वेंटीलेटर में**


मास्टर, प्रिंस नाविक मदनपुर, जिला बलरामपुर

रायपुर। रायपुर के श्री बालाजी सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल ने एक बार फिर मानवता की अनुपम मिसाल पेश की है. छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले के वाड्रफनगर के पास मदनपुर गांव के 13 साल के मासूम बच्चे को अचानक पेट दर्द, डायरिया और बुखार हुआ. मात्र तीन दिन में ही बच्चे को पैरालिसिस हो गया और हालत इतनी गंभीर हो गई कि वह बेहोश होने लगा.

स्थानीय डॉक्टरों ने तुरंत गंभीर बीमारी गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (GBS) की आशंका जताई. यह एक दुर्लभ ऑटोइम्यून बीमारी है जिसमें शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली नसों पर हमला कर देती है. पहले पैरों में कमजोरी और झनझनाहट होती है, फिर यह तेजी से ऊपर की ओर फैलती है. गंभीर मामलों में सांस की मांसपेशियां भी प्रभावित हो जाती हैं और मरीज को वेंटीलेटर की जरूरत पड़ती है. परिजन तुरंत बच्चे को रायपुर के श्री बालाजी हॉस्पिटल ले आए. यहां न्यूरो फिजिशियन और आईसीयू टीम ने बिना एक पल गंवाए इलाज शुरू किया. बच्चे को 45 दिनों तक वेंटीलेटर और आईसीयू में रखा गया. डॉक्टरों की चौबीसों घंटे निगरानी, विशेषज्ञता और अत्याधुनिक उपकरणों की बदौलत बच्चे ने मौत को मात दे दी. सबसे बड़ी बात यह कि आयुष्मान भारत योजना के तहत बच्चे का पूरा इलाज एक रुपए भी खर्च किए बिना हुआ. निजी अस्पतालों में इसी बीमारी में परिजनों के लाखों रुपए खर्च होते हैं, अब मासूम पूरी तरह स्वस्थ और और उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है.

### तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, मरीज के पैरों में 8 फ्रैक्चर, एक ही दिन में ऑपरेशन

**इलाज का पूरा खर्चा बिना अतिरिक्त पैसे के आयुष्मान से | स्टील प्लांट में काम करते है 30 साल के राकेश दुबे**

रायपुर। कोलकाता के 30 वर्षीय राकेश दुबे की जिंदगी एक भयानक सड़क हादसे में लगभग खत्म हो गई थी। रायपुर के एक स्टील प्लांट में काम करने वाले राकेश अपने तीन साथियों के साथ रात में सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनके दो साथियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए।


हड्डी रोग विशेषज्ञों की टीम के साथ राकेश दुबे

राकेश को कमर के नीचे सबसे ज्यादा चोट आई। दोनों पैरों में कुल 8 जगह गंभीर फ्रैक्चर थे। हालत इतनी नाजुक थी कि सामान्य अस्पतालों में डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए थे। प्लांट प्रबंधन और उनके परिजनों ने राकेश को तुरंत रायपुर के श्री बालाजी सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल ले आए। यहां आर्थोपेडिक्स विभाग के वरिष्ठ सर्जनों की टीम ने मरीज को देखते ही इमरजेंसी में लिया। डॉक्टरों ने पाया कि दोनों पैरों में एक साथ 8 कॉम्प्लेक्स फ्रैक्चर हैं. डॉक्टरों के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी कि मरीज का एक साथ ऑपरेशन किया जाए या अलग-अलग, लेकिन मरीज की स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने एक साथ ऑपरेशन करने का फैसला किया, यही कारण है कि ये काफी दुर्लभ और जटिल ऑपरेशन था।

सर्जरी में 2 प्लेट और 3 इंट्रामेड्युलरी नेल लगाए गए। यह ऑपरेशन तकनीकी रूप से बेहद रेयर माना जाता है, क्योंकि इतने सारे फ्रैक्चर को एक साथ और एक ही दिन में ऑपरेट करना आसान नहीं था। श्री बालाजी हॉस्पिटल के डॉक्टरों की कुशलता और अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर की वजह से सर्जरी सफल रही और राकेश अब धीरे-धीरे अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट रहे हैं।

**पूरा इलाज आयुष्मान से**

सबसे बड़ी बात यह रही कि राकेश का पूरा इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत एक पैसा खर्च किए बिना हुआ। जबकि निजी अस्पतालों में ऐसे गंभीर ऑपेरेशन के लाखों रुपए चार्ज किए जाते है।

### जहर ने रोक दी थी सांसें, बालाजी हॉस्पिटल ने 25 दिन की जंग जीतकर लौटाई जिंदगी

**रायपुर के एक बड़े अस्पताल ने कह दिया था- "अब बचने की उम्मीद नहीं है" परिजनों ने हार नहीं मानी और श्री बालाजी अस्पताल लेकर पहुंचे**



रायपुर के एक युवक ने पॉइजन पी लिया था परिजन उन्हें फौरन लालपुर के बड़े निजी अस्पताल ले गए, लेकिन हालत बेहद गंभीर थी। वहां भर्ती होते ही मरीज का दिल रुक गया। डॉक्टरों ने सीपीआर दिया, लेकिन कुछ देर बाद अस्पताल ने हाथ खड़े कर दिए और कहा, "अब बचने की उम्मीद नहीं है।"

परिजनों ने हार नहीं मानी और मरीज को रायपुर के मोवा स्थित श्री बालाजी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ले आए। यहां क्रिटिकल केयर और जनरल मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञों की टीम ने मरीज को तुरंत आईसीयू में शिफ्ट किया। पॉइजन की वजह से किडनी, लिवर और फेफड़े बुरी तरह प्रभावित हो चुके थे। अगले 25 दिनों तक मौत और जिंदगी का संघर्ष चला। इस दौरान मरीज का दिल दो बार फिर रुक गया, दोनों बार डॉक्टरों ने लंबा सीपीआर देकर उन्हें वापस खींच लिया। लगातार ट्रीटमेंट, वेंटिलेटर सपोर्ट और एडवांस्ड दवाओं से धीरे-धीरे शरीर ने जवाब देना शुरू किया।

आखिरकार काफी दिनों की मेहनत के बाद मानो चमत्कार हुआ, मरीज होश में आया और सभी ऑर्गन ठीक होने लगे। आज वह पूरी तरह स्वस्थ है और खुशी-खुशी घर लौट गया। सबसे बड़ी बात, आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरा इलाज बिना किसी अतिरिक्त खर्चे के किया गया।

### आयुष्मान भारत ने लौटाई 55 साल के तुलसीराम की आंखों की रोशनी

रायपुर. दुर्ग जिले के जेवरा सिरसा गांव के 55 वर्षीय तुलसीराम साहू लंबे समय से शुगर के मरीज हैं. डायबिटीज की वजह से उनकी दोनों आंखों में रेटिना पर खून का रिसाव (डायबिटिक रेटिनोपैथी) हो गया था. धीरे-धीरे उनकी नजर कमजोर होती गई और अंधेपन का खतरा मंडराने लगा. परिवार बहुत परेशान था क्योंकि दोनों आंखों का महंगा ऑपरेशन कराना उनके बस में नहीं था.

परिजन उन्हें रायपुर के श्री बालाजी सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल ले आए. आयुष्मान भारत कार्ड की वजह से पहले एक आंख और फिर दूसरी आंख का जटिल ऑपरेशन बिना एक रुपया खर्च किए सफलतापूर्वक किया गया. दोनों सर्जरी में रेटिना को फिर से जोड़ा गया और खून का रिसाव पूरी तरह रोका गया. आज तुलसीराम साहू पूरी तरह स्वस्थ हैं. उनकी दोनों आंखों की रोशनी वापस लौट आई है और वे फिर से अपने रोजमर्रा के काम खुद करने लगे हैं.

### निशुल्क डिलीवरी योजना ने बढ़ाई खुशियां जुड़वां बच्चों के जन्म पर माता-पिता हुए गद्गद


सरिता जायसवाल

रायपुर। शहर के श्री बालाजी हॉस्पिटल में अस्पताल की नि:शुल्क प्रसव योजना ने एक परिवार के सुख को दोगुना कर दिया है। यहां एक गर्भवती महिला की सफल डिलीवरी हुई, जिससे उसे एक स्वस्थ लड़का और एक स्वस्थ लड़की की जुड़वाँ संतान की प्राप्ति हुई। सबसे खास बात रही कि यहा डिलीवरी में उन्हें 1 रुपए का भी खर्चा नहीं आया यही कारण है कि इससे परिवार पर कोई आर्थिक बोझ नहीं पड़ा। परिवार के सदस्यों ने बताया कि इस योजना के कारण उन जैसे सामान्य वर्ग के परिवारों के लिए भी एक बड़े और सुविधासंपन्न अस्पताल में गुणवत्तापूर्ण इलाज कराना संभव हो पाया। उन्होंने कहा, नि:शुल्क योजना ने न सिर्फ हमारे खर्चे बचाए, बल्कि हमें बेहतरीन मेडिकल सुविधा दिलाने में भी मदद की।

### बागबाहरा के बहिया डी की आठ वर्षीय बच्ची गीता चक्रधारी को बचपन से ही हृदय में छेद श्री बालाजी हॉस्पिटल में हुआ मुफ्त इलाज


गीता चक्रधारी

रायपुर। बागबाहरा के बहिया डी की आठ वर्षीय बच्ची गीता चक्रधारी को बचपन से ही हृदय में छेद की समस्या थी। इस गंभीर बीमारी का सफल इलाज रायपुर के श्री बालाजी हॉस्पिटल में किया गया। बच्ची के पिता दानवीर चक्रधारी ने बताया कि ऑपरेशन के बाद उनकी बेटी की तबियत पूरी तरह से ठीक है और अब वह दूसरे बच्चों के साथ स्वतंत्र रूप से खेल-कूद सकती है। उन्होंने कहा कि श्री बालाजी हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के तहत हुआ मुफ्त इलाज ही उनकी बच्ची के लिए जीवनदान साबित हुआ है। इस योजना ने न सिर्फ उनकी बच्ची को नया जीवन दिया, बल्कि परिवार को भारी आर्थिक बोझ से भी मुक्ति दिलाई।

### नियमित डायलिसिस का इलाज करा रही किडनी की मरीज का आयुष्मान भारत योजना से पूरी तरह निःशुल्क


हेमा रजवाड़े

रायपुर। सरगुजा संभाग के सुरजपुर जिला निवासी हेमा रजवाड़े इन दिनों श्री बालाजी हॉस्पिटल, मोवा रायपुर में नियमित डायलिसिस का इलाज करा रही हैं। उनका यह उपचार आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरी तरह से निःशुल्क चल रहा है। इस योजना ने हेमा जैसे मरीजों के लिए किडनी की इस गंभीर बीमारी के इलाज को वित्तीय संकट नहीं रहने दिया है। हेमा ने बताया कि अगर आयुष्मान कार्ड नहीं होता, तो डायलिसिस का खर्च उठाना उनके लिए बेहद मुश्किल था। श्री बालाजी हॉस्पिटल अस्पताल की इस सुविधा ने न सिर्फ उन्हें बेहतर इलाज मुहैया कराया है, बल्कि परिवार को आर्थिक तंगी से भी बचाया है।

### 17 वर्षीय युवक अंकित अंचल के नाक की सर्जरी का सफल ऑपरेशन


अंकित अंचल

रायपुर। श्री बालाजी हॉस्पिटल, मोवा रायपुर में खिरोदपुर, मुंगेली निवासी 17 वर्षीय युवक अंकित अंचल के नाक की सर्जरी का सफल ऑपरेशन हुआ है। उनका संपूर्ण उपचार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हुआ है, जिसके चलते परिवार पर कोई आर्थिक भार नहीं पड़ा। अंकित के परिवार ने बताया कि आयुष्मान कार्ड ने न सिर्फ गुणवत्तापूर्ण इलाज को सुलभ बनाया,

बल्कि एक बड़े अस्पताल में होने वाले खर्च का डर भी दूर किया। इस सफल ऑपरेशन के बाद अंकित पूरी तरह स्वस्थ हैं।

### ओडिशा के कांटाबांजी निवासी युवक की बाइक दुर्घटना में आयुष्मान भारत योजना के तहत वहन किया गया


मोहन ताण्डी

रायपुर। ओडिशा के कांटाबांजी निवासी मोहन तांडी की बाइक दुर्घटना में माथे और नाक के आसपास गंभीर चोटें आई थीं। उनका उपचार श्री बालाजी हॉस्पिटल में किया गया। अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं और सामान्य जीवन जी रहे हैं। मोहन ने बताया कि उनके इलाज का सम्पूर्ण खर्च गोपबंधु आयुष्मान योजना ओडिशा के तहत वहन किया गया, जिससे उनके परिवार को किसी आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस योजना ने न सिर्फ उन्हें उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा दिलाई, बल्कि दुर्घटना जैसी आपात स्थिति में समय पर इलाज कराना भी संभव बनाया।

इस परिवर्तनशील संसार में जन्म और मृत्यु शाश्वत सत्य हैं। देह नश्वर है, किंतु कर्म अमर होते हैं। जो व्यक्ति अपने जीवन को केवल अपने तक सीमित न रखकर समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित कर देता है, वही वास्तव में युग-पुरुष कहलाता है। ऐसे ही कर्मयोगी, वैदिक जीवन-दृष्टा और आर्य समाज के सच्चे अनुयायी थे चौधरी मित्रसेन आर्य जी, जिनकी जयंती केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन और आत्मानुकरण का पर्व है। घर पर रहकर वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, सत्यार्थ प्रकाश और आर्ष साहित्य का गंभीर अध्ययन करते हुए उन्होंने स्वयं को ज्ञान-संपन्न बनाया। उनका व्यक्तित्व बताता है कि शिक्षा डिग्री की मोहताज नहीं होती, वह संस्कार और साधना से जन्म लेती है।



# अमर विचार, अमिट प्रेरणा : चौधरी मित्रसेन आर्य

*'स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम्'*
*अर्थात वही जन्म सार्थक है, जिससे परिवार, समाज और राष्ट्र उन्नति की ओर बढ़े।*

इतिहास केवल राजाओं और युद्धों से नहीं बनता, वह उन व्यक्तित्वों से बनता है जो मौन रहकर समाज की दिशा बदल देते हैं। कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो केवल अपने समय के नहीं होते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रकाश स्तंभ बन जाते हैं। ऐसे ही महान कर्मयोगी थे चौधरी मित्रसेन आर्य जी। उनका जीवन ज्ञान, कर्म और भक्ति के समन्वय का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने हमेशा आम जनमानस की भलाई के काम किया। उनकी जयंती केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है कि किस प्रकार सीमित संसाधनों से उठकर कोई व्यक्ति राष्ट्र, समाज और संस्कृति के लिए स्थायी योगदान दे सकता है।

चौधरी मित्रसेन आर्य जी का संपूर्ण जीवन कर्मयोग, परोपकार और वैदिक जीवन-दर्शन का सजीव उदाहरण रहा है। उनकी जयंती हमें यह स्मरण कराती है कि व्यक्ति यदि संकल्प, श्रम और संस्कार के साथ आगे बढ़े, तो वह न केवल अपना भाग्य, बल्कि समाज की दिशा भी बदल सकता है। चौधरी मित्रसेन जी का जन्म 15 दिसंबर 1931 को हरियाणा में हिसार जिले के गांव खांडा खेड़ी में एक वैदिक संस्कारों से युक्त, राष्ट्रभक्त परिवार में हुआ। उनके पिता चौधरी शीशराम जी उच्च आदर्शों के धनी, सत्यनिष्ठ और आर्य समाज के विचारों से प्रेरित व्यक्ति थे। चौधरी मित्रसेन आर्य जी का जीवन प्रारंभ से ही संघर्ष, अनुशासन और संस्कारों की प्रयोगशाला रहा। बाल्यावस्था में ही पिता की दृष्टि चली जाने से परिवार का भार उनके कंधों पर आ गया। औपचारिक शिक्षा बाधित हुई, लेकिन ज्ञान की साधना कभी रुकी नहीं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि शिक्षा केवल विद्यालय की चार दीवारों तक सीमित नहीं। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, सत्यार्थ प्रकाश और आर्ष साहित्य का गहन अध्ययन उन्होंने स्वाध्याय से ही किया। महर्षि दयानंद सरस्वती और वैदिक संस्कृति का उनके जीवन पर गहरा प्रभाव था। इसी वैचारिक पूंजी ने आगे चलकर उनके जीवन की दिशा तय की।

***कर्म को ही पूजा मानने वाला व्यक्तित्व***


चौधरी मित्रसेन आर्य जी का जीवन-दर्शन स्पष्ट था। वे कर्म में विश्वास रखते थे और उनके आचरण में सत्यनिष्ठा थी। वे आलस्य को सबसे बड़ा पाप मानते थे। अथर्ववेद का यह भाव 'कृतं में दक्षिणे हस्ते जयो में सव्य आहितः' उनके जीवन का सूत्रवाक्य बन गया था। सीमित संसाधनों से आरंभ कर उन्होंने पुरुषार्थ के बल पर उद्योग और कृषि दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय ऊंचाइयां प्राप्त कीं, परंतु सफलता के बावजूद उनके भीतर अहंकार का एक अंश तक नहीं आया। वे हमेशा कहते थे यश और वैभव एक साधन हैं, साध्य नहीं।

***'कृषि विशारद सम्मान' से अलंकृत***

आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक सोच और अथक परिश्रम के बल पर उन्होंने ऐसे कृषि फार्म और उद्यान विकसित किए, जिन्होंने देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने 23 दिसंबर 2003 को उन्हें 'कृषि विशारद सम्मान' से अलंकृत किया, जबकि हरियाणा सरकार ने भी चौधरी देवीलाल कृषि पुरस्कार (2002-03) से चौधरी मित्रसेन आर्य जी को सम्मानित किया।

***दान और परोपकार को सिद्धांत बनाया***

चौधरी मित्रसेन जी ने अपने रोहतक स्थित निवास में भव्य यज्ञशाला का निर्माण कराया। वहां प्रतिदिन परिवार सहित संध्या, हवन, स्वाध्याय, सत्संग और ध्यान होता था। यह परंपरा आज भी उनके परिवार द्वारा निभाई जा रही है, जो उनके संस्कारों की जीवंत विरासत है। उनका एक और महत्वपूर्ण सिद्धांत था दान और परोपकार। वे वेदों के इस सूत्र को गहराई से मानते थे कि जो अकेला भोगता है, वह पाप का भागी होता है। इसी भावना से वे अपने पुरुषार्थ से अर्जित धन का बड़ा भाग समाज कल्याण में अर्पित करते थे। उनका दान दिखावे के लिए नहीं, बल्कि सात्विक भावना से प्रेरित था। उनके दान से देश के कई प्रांतों में गुरुकुल, आश्रम, गोशालाएं, अनाथालय और शिक्षण संस्थान स्थापित हुए।




**चौधरी मित्रसेन आर्य जी**

**जन्म :** 15 दिसंबर 1931, खांडाखेड़ी (हिसार)
**प्रेरणा स्रोत :** वेद, महर्षि दयानंद सरस्वती
**पहचान :** उद्योगपति, समाजसेवी, वेदानुगामी
**विशेष योगदान:** शिक्षा, आदिवासी-वनवासी सेवा, वैदिक साहित्य प्रकाशन
**निर्वाण :** 27 जनवरी 2011

***हरियाणा, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में गुरुकुल***

चौधरी मित्रसेन आर्य जी के सहयोग से ओडिशा में अनेक गुरुकुलों की स्थापना हुई, जहां हजारों आदिवासी और निर्धन बच्चे वेदों की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यह कार्य केवल शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कृति और आत्मगौरव के पुनर्निर्माण का भी अभियान था। झज्जर, रोहतक, जींद, मुरादाबाद, गौतम नगर, मंझावली, पोंधा आदि क्षेत्र उनकी समाजसेवी दृष्टि के प्रमाण हैं। पतंजलि जैसे संस्थानों को भी उनका स्नेह और सहयोग प्राप्त हुआ। आर्य समाज, सन्यासी, विद्वान, लेखक और सामाजिक संस्थाएं उनके सहयोग से सशक्त हुईं। उनका जीवन इस संस्कृत उक्ति को सार्थक करता है, 'परोपकाराय संतः विभूतयः' अर्थात सज्जनों की संपत्ति परोपकार के लिए होती है।

***हर व्यक्ति को मित्र मानते थे***

उद्योग के क्षेत्र में उनका प्रवेश भी दूरदर्शी था। 1957 में रोहतक में स्थापित लेथ एवं इंजन बोरिंग मशीन का कारखाना और 1961 में उड़ीसा के बडबिल में रोहतक इंजीनियरिंग वर्क्स की स्थापना की। यह उस समय की बात है जब क्षेत्रीय सीमाएं मानसिक अवरोध बन जाती थीं। उनके लिए देश एक था और कर्मभूमि समूचा भारत। चौधरी मित्रसेन आर्य जी की सबसे बड़ी पहचान उनकी मानवीय दृष्टि थी। वे मालिक और कर्मचारी के बीच की दीवारों को नहीं मानते थे। उनके लिए हर व्यक्ति मित्र था, चाहे वह उच्च अधिकारी हो या साधारण कर्मी। गीता का यह सिद्धांत 'जो व्यवहार अपने लिए नहीं चाहते, वह दूसरों से भी न करें' उनके व्यवहार में प्रत्यक्ष दिखता था। उनके संपर्क में आने वाला हर व्यक्ति उनके स्नेह, सरलता और आत्मीयता का साक्षी है।

***शिक्षा : सामाजिक परिवर्तन की कुंजी***

चौधरी मित्रसेन जी भली-भांति जानते थे कि समाज का उत्थान बिना शिक्षा के असंभव। इसी सोच के साथ उन्होंने आदिवासी, वनवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाया। गुरुकुलों और शिक्षण संस्थानों की स्थापना केवल भवन निर्माण नहीं थी, बल्कि संस्कार निर्माण का अभियान था। विशेष रूप से नारी शिक्षा उनके चिंतन का केंद्र थी। उनका विश्वास था कि शिक्षित नारी दो पीढ़ियों को संस्कार देती है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार और हरियाणा में संचालित अनेक संस्थान आज भी उनकी दृष्टि के साक्ष्य हैं।

***सेवा वही जो दिखावे से दूर रहे***

प्राकृतिक आपदाएं हों या सामाजिक संकट के समय वे कभी पीछे नहीं हटे। लातूर, कच्छ और भुज के भूकंप पीड़ितों के पुनर्वास में उनका योगदान मौन, लेकिन निर्णायक था। दो गांवों को गोद लेकर सैकड़ों परिवारों को पुनः बसाना उनके सेवा-भाव का उदाहरण है। वे सहायता को प्रचार नहीं बनाते थे। जरूरतमंद की पहचान कर, बिना शोर सहायता पहुंचाना उनकी कार्यशैली थी।

***वैदिक साहित्य और विचार-प्रसार***

चौधरी मित्रसेन आर्य केवल संस्थापक नहीं, बल्कि विचारों के संरक्षक थे। उन्होंने अपने निजी संसाधनों से वैदिक, आर्य समाजी और ज्ञानवर्धक साहित्य का प्रकाशन कराया। सत्यार्थ प्रकाश सहित अनेक ग्रंथों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का उनका प्रयास था। उनकी आकांक्षा थी कि महर्षि दयानंद सरस्वती के विचार केवल मंचों तक सीमित न रहें, बल्कि जन-जीवन का अंग बनें। यही कारण था कि वे प्रचार से अधिक प्रकाशन और शिक्षा पर बल देते थे। भले ही 27 जनवरी 2011 को उनका शरीर पंचतत्वों में विलीन हो गया, किंतु उनके विचार आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं। वर्तमान समय में, जब मूल्यबोध का संकट दिखाई देता है, जो चौधरी मित्रसेन जी का जीवन हमें यह स्मरण कराता है कि वैदिक मूल्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने प्राचीन काल में थे। उनके विचार आज भी जीवित हैं, संस्थानों में, पुस्तकों में और उन लोगों के आचरण में जिन्होंने उन्हें देखा, सुना और समझा। आज भी चौधरी मित्रसेन आर्य जी जैसे व्यक्तित्व प्रकाश-स्तंभ बनकर सामने आते हैं। उद्योग, अध्यात्म, संपन्नता, सादगी, परंपरा और आधुनिकता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य कर्म, ज्ञान और करुणा की त्रिवेणी थे। उनकी जयंती पर यही सच्ची श्रद्धांजलि है कि हम उनके बताए पथ पर एक कदम भी चल सकें।

## मन में हमेशा सेवाभाव

### हिसार में जन्मे

चौ. मित्रसेन आर्य जी का जन्म 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडा खेड़ी गांव में स्वतंत्रता सेनानी एवं आर्य समाजी परिवार में हुआ ।

### 1948 में विवाह

चौधरी मित्रसेन जी का विवाह सन 1948 में जींद जिले के जुलानी गांव के किसान अमृत सिंह की सुपुत्री परमेश्वरी देवी के साथ हुआ। उनसे नौ संतानें हुईं। इनके पुत्रों के नाम कैप्टन रुद्रसेन, वीरसेन, व्रतपाल, कैप्टन अभिमन्यु, मेजर सत्यपाल और देव सुमन हैं, जबकि पुत्रियों के नाम दया, विमला और मधु हैं।

### हिंदी आंदोलन में जेल

चौ. मित्रसेन जी हिंदी सत्याग्रह आंदोलन के दौरान 9 अगस्त से 19 दिसंबर 1957 तक हिसार जेल में बंद रहे। उन्होंने ऐसे समय सत्याग्रह में भाग लिया।

### शहीदों के परिजनों का सम्मान

स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के प्रति चौ. मित्रसेन के मन में अगाध श्रद्धा थी। वे शहीद स्थलों को तीर्थ स्थलों के समान मानते थे। कारगिल युद्ध के समय मोर्चे पर देश की आन बान और शान के लिए लड़ते हुए हरियाणा के 250 रणबांकुरे शहीद हो गए। चौधरी मित्रसेन आर्य जी ने शहीदों के परिवारजनों को एक-एक लाख रुपये की मदद दी।

### परममित्र मानव निर्माण संस्थान

चौ. मित्रसेन जी ने परममित्र मानव निर्माण संस्थान के माध्यम से अपना जीवन पूरी तरह समाज को समर्पित कर दिया था। वे इसके जरिये जहां दुर्लभ और लुप्त हो रहे लोक साहित्य का प्रकाशन कर रहे थे, वहीं वंचित, जरूरतमंद और समाजसेवा में लगे विभिन्न संस्थानों को वित्तीय तथा अन्य सहयोग प्रदान कर रहे थे।

### प्रेरणा दे रहा भारत मित्र स्तम्भ

स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य की स्मृति में उनके पैतृक गांव खांडा खेडी में बनाया गया भारत मित्र स्तम्भ आज सभी को प्रेरणा दे रहा है। इस मित्र स्तम्भ में भारतीय संस्कृति, इतिहास, धर्म और वीरता का एक अद्भुत प्रतीक है, जो उनके जीवन और वैदिक मूल्यों के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इसमें भारत के 21 परमवीर चक्र विजेताओं की प्रतिमाएँ हैं। प्राचीन परंपराओं, संतों की वाणी और सामाजिक एकता का चित्रण है। इसमें लगी घड़ियां हर घंटे 'ॐ' की ध्वनि निकालती हैं, जो आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करती हैं। यह केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि भारतीयता का सजीव प्रतीक है, जो युवाओं को राष्ट्रभक्ति और भारतीय मूल्यों से जोड़ने का कार्य करता है।

## खबर संक्षेप

### बस से 29 लाख नकद व चांदी के सिक्कों की चोरी

**कांकेर।** जगदलपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी और ज्वेलर्स के संचालक के साथ बस यात्रा के दौरान बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। व्यवसायी 13 दिसंबर की रात करीबन 11 बजे वाहन क्रमांक सीजी 07 सीके 9691 में सवार होकर जगदलपुर से रायपुर जा रहा था। वे बस की लोअर सीट एल-19 पर सवार थे और अपने साथ एक बैग में नगद राशि 29 लाख 6 हजार रुपएं तथा 328 ग्राम चांदी के सिक्के रखे हुए थे। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे जगदलपुर निवासी 73 वर्षीय मोतीलाल जैन पिता स्व. सुखराज मल जैन ने पुलिस को बताया कि मेन रोड जगदलपुर में ज्वेलर्स का दुकान चलाता हूं। मै 13 दिसंबर कि रात 11 बजें जगदलपुर पुराना बस स्टैण्ड सीटी कोटवाली के पास से बस वाहन क्रमांक सीजी 07 सीके 9691 में लोवर सीट एल 19 में बैठकर जगदलपुर से रायपुर अपने स्वयं के दुकान तथा संबंधित अन्य व्यापार के काम से जा रहा था।

### ट्रैक्टर व ट्राली खाई में गिरी, चालक की मौत


**कवर्धा।** जिले में इन दिनों गन्ना पेराई और परिवहन का कार्य जोरों से चल रहा है। जिले में संचालित सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना तथा जिलेभर में संचालित निजी गुड़ फैक्ट्रियों में पहुंचाई जा रही। रविवार की दोपहर ग्राम गांगपुर निवासी ट्रैक्टर ट्राली चालक देविचंद साहू पिता गणपत साहू उम्र 28 वर्ष गन्ना की खेप ग्राम दरगवां से लेकर भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान मार्ग में सकरी नदी के पास उसकी ओव्हर लोड ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक कई क्विंटल गन्ना और ट्राली के नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों ने इसकी जानकारी पिपरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है और घटना की जांच कर रही है।

अंदरूनी क्षेत्र में ग्रामीणों की सुविधा के लिए 172 मोबाइल टॉवर की स्थापना

## विकास के लिए अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 72 नई सड़कों सहित पुल, पुलिया का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

1नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार नक्सल विरोधी अभियानों के संचालन द्वारा माओवादियों के प्रसार को प्रतिबंधित किया जा रहा है तथा क्षेत्र में प्रशासनिक पहुंच बढ़ाया जा रहा है। जिलेवार लक्ष्य निर्धारण करते हुए क्षेत्र पर नियंत्रण, विकास मूलक कार्य एवं धारणा प्रबंधन किया जा रहा है। माओवादियों के सप्लाई लाइन एवं कोरियर व्यवस्था पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा रहा है। नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किया जाकर नक्सल विरोधी अभियान को गति प्रदान की जा रहा है। सुरक्षा के साथ विकास की अवधारणा के तहत उक्त नवीन स्थापित सुरक्षा कैम्पों के माध्यम से नक्सल विरोधी अभियानों के संचालन के साथ ही विकासमूलक गतिविधियों सड़क, पुल-पुलिया एवं अन्य अधोसंरचना के निर्माण हेतु सुरक्षा प्रदान की जा रही है। वर्ष 2024 में बस्तर क्षेत्र के सुदूर क्षेत्रों पर 30 नवीन बेस कैम्प एवं वर्ष 2025 में 9 दिसम्बर तक की स्थिति में 43 नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किये गये हैं। दक्षिण बस्तर में अरनपुर-जगरगुण्डा मार्ग को पूर्ण की जाकर लगभग 35 वर्ष के पश्चात आवागमन को पुनः प्रारम्भ किया गया। सिलगेर-पूर्वर्ती, बासागुड़ा-जगरगुण्डा मार्ग, किस्टाराम-चिंतलनार मार्ग, भेजी-चिंतागुफा मार्ग, पामेड़-उसूर मार्ग, बासागुड़ा-पामेड़ मार्ग, कोहकामेटा-कुतुल मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा रहा है।



### बदलाव की दिशा में रही ऐतिहासिक उपलब्धि

बस्तर रेंज के आइजी सुंदरराज पट्टीलिंगम ने कहा कि अंदरूनी क्षेत्र गांव में विकास के चलते पूना मारगेम में पुनर्वास से पुनर्जीवन जैसी पहल बस्तर में शांति स्थापना के मानवीय स्वरूप का प्रतीक है। अक्टूबर 2025 में 210 एवं 51 माओवादियों का रिकार्ड सशस्त्र आत्मसमर्पण इस बदलाव की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि रही। जिसने यह सिद्ध किया कि शांति और प्रगति का संदेश अब माओवादी कोर क्षेत्रों तक पहुंच चुका है। आत्मसमर्पित कैडरों को वित्तीय सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और आजीविका के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं ताकि वे सम्मानजनक जीवन जीते हुए समाज की मुख्यधारा में पुनः स्थापित हो सकें।

### समयसीमा में पूरा करें निर्माण कार्य

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने कहा कि अंदरूनी क्षेत्र के सड़क, पुल एवं पुलियों का निर्माण कार्य के ठेकेदारों को निर्देश दिया गया कि वे समय सीमा में कार्य पूरा करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### विकास से बदलेगा बस्तर का चेहरा

विशेषज्ञों के अनुसार इन परियोजनाओं से बस्तर की तस्वीर बदल जाएगी। अभी तक कई अंदरूनी गांव बरसात के मौसम में शेष दुनिया से कट जाते थे। नई सड़कों और पुलों के निर्माण से अब उन गांवों तक भी सुगम आवागमन होगा। इससे किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने, बच्चों को स्कूल और कॉलेज तक जाने व मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में बड़ी राहत मिलेगी।

## भुईयां पोर्टल से राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी, पटवारी सहित 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- पास्ता थाना क्षेत्र की 29 हेक्टेयर भूमि पर नाम दर्ज करने की पुष्टि

भुईयां पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में हेरफेर करने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। आरोपी ने पटवारी के साथ मिलकर समितियों में अवैध धान खपाने के उद्देश्य से एक ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में अपने व परिवार के सदस्यों के नाम फर्जी तरीके से चढा लिए। राज उस वक्त खुला जब गांव के सरपंच ने खरीदी केंद्र में पहुंचकर दस्तावेजों की जांच की। अब इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद पटवारी और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि मामले की जांच चल रही है।




बता दें कि क्षेत्र के पस्ता थाना के डवरा चौकी अंतर्गत आने वाले कोदौरा में एक ही परिवार के सदस्यों के नाम पर लगभग 70 एकड़ शासकीय और निजी भूमि अवैध तरीके से दर्ज किए जाने का मामला सामने आया था। कोदौरा सरपंच ने उपार्जन केंद्र में जब रजिस्टर की जांच की तो वीरेंद्र गुप्ता और उसके परिवार के नाम पर एक साथ ग्राम पंचायत कोदौरा, कोटडीह, भेण्डरी, परसवार खुर्द, करगडीहा और पकराडी में लगभग 70 एकड़ शासकीय और किसानों के नाम की भूमि दर्ज थी। ऐसे में उन्होंने मामले की जानकारी अन्य सरपंचों को दी जिसके बाद पटवारी को बुलाकर पूछताछ की गई। इसके साथ ही इस मामले की शिकायत तहसीलदार से की गई थी। जिसके बाद जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि मैनुअल रिकॉर्ड में किसी भी प्रकार का संशोधन आदेश मौजूद नहीं है। इसके बावजूद ऑनलाइन कैफियत कॉलम में पटवारी आईडी से संबंधित वीरेंद्र गुप्ता और उसके परिवार के लोगों के नाम जोड़े गए थे। इस मामले में जांच के बाद एसडीएम ने पटवारी अजेंद्र टोप्पो को निलंबित किया गया था।

### धान बेचने की गड़बड़ी

इधर पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि एक बार लॉग इन होने के बाद भुइयां पोर्टल 8 घंटे तक एक्टिव रह सकता है। इसी दौरान आरोपी पटवारी अजेंद्र टोप्पो और वीरेंद्र गुप्ता ने मिलकर अलग अलग 3 गांव में 3 किसानों व शेष शासकीय मद की 29.008 हेक्टेयर भूमि को वीरेंद्र गुप्ता और परिवार के सदस्यों के नाम पर ऑनलाइन दर्ज कर दिया जबकि मैनुअल रिकॉर्ड यथा स्थिति में है। आरोपियों द्वारा दूसरे राज्यों व दूसरों के धान को अवैध रूप से बेचने की योजना बनाकर अपने नाम पर भूमि दर्ज की गई थी। इस तरह वे धान खरीदी के दौरान लाखों रुपए की कमाई अवैध रूप से कर सकते थे। 29.008 हेक्टेयर शासकीय भूमि एवं निजी भूमि के रिकॉर्ड में षड्यंत्रपूर्वक कूटरचना करने के मामले में डवरा चौकी प्रभारी एसआई विजय दुबे के नेतृत्व में पुलिस ने जांच उपरान्त बीएनएस की धारा 318, 319, 336, 338, 340 व 61 के तहत आरोपी कोटडीह निवासी 28 वर्षीय वीरेंद्र गुप्ता आ. विजय गुप्ता और पटवारी जमुनिया निवासी 46 वर्षीय अजेंद्र टोप्पो आ. जगसाय टोप्पो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

राजनीतिक संरक्षण के लग रहे आरोप, दूसरे जिलों में हो रहा एक्शन

## खरीदी केंद्रों में मिला लाखों का अवैध धान, फिर भी जिम्मेदारों पर एक्शन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान की सरकारी खरीदी शुरू होने के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा पिछले एक माह में कोचियों के खिलाफ की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई से जहां खलबली मची है। वहीं करीब आठ करोड़ रुपए का अवैध धान जब्त भी हुआ है। कोचियों द्वारा जिले के खरीदी केंद्रों में ही लाखों रूपए का अवैध धान डंप किए जाने के मामले का पर्दाफाश होने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसी चर्चा है कि सोसाइटियों के प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारियों की संलिप्तता भी इन मामलों में सामने आ चुकी है, परन्तु राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने के चलते उन पर कार्रवाई करने से प्रशासन के हाथ कंपकंपा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश शासन के निर्देश बाद सीमावर्ती जिलों में धान कोचियों के खिलाफ प्रशासन ने एक्शन मोड में अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत जिले में भी पौने दो सौ से अधिक प्रकरण में कार्रवाई की गई है। जिसमें पड़ोसी राज्य से लाकर धान खपाने के साथ ही खेत में फसल होने के बावजूद धान बेचते हुए मामले में कार्रवाई शामिल है। इसके अलावा समितियों के भौतिक सत्यापन में भी गड़बड़ी सामने आ चुकी है, परन्तु इन सभी मामलों में प्रशासन धान जब्त करने की कार्रवाई तो कर रहा है, परन्तु कोई ठोक एक्शन नहीं हो रहा है। कोचियों पर की जा रही कार्रवाई से किसान अच्छे खासे खुश भी हैं। यही कारण है कि वे लगातार रकबा का समर्पण भी कर रहे हैं, लेकिन रसूखदार जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं होने से वे नाराज भी हो रहे हैं।

### बड़े कोचियों पर भी कार्रवाई नहीं

पड़ोसी राज्यों से अवैध धान की तस्करी करने के मामले में राज्य शासन ने दोषियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए हैं। जिले में सिर्फ दो कोचियों को ही जेल भेजा गया है। वहीं महासमुंद सहित कई जिलों में सोसाइटियों के प्राधिकृत अधिकारियों को भी हटा दिया गया है, लेकिन जिले में आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इधर बिलासपुर, रायगढ़ जिलों में कोचियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है, लेकिन राजनांदगांव जिले में प्रशासन ने धान जब्ती की ही कार्रवाई कर क्लीनचिट दे दिया है।



### आधा दर्जन समितियों में मिला अतिरिक्त धान

जिले के आधा दर्जन धान खरीदी केंद्रों में भौतिक सत्यापन के दौरान गड़बड़ी सामने आ चुकी है। इनमें समितियों में धान अधिक मिलने के साथ ही बारदाना कम पाया गया था। इनमें मुड़पार, घुमका, तुमड़ीबोड़, कल्लूबंजारी और पटेवा जैसी समितियां शामिल है। इन सभी समितियों में अब तक जिम्मेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में जिस कोचिये पर कार्रवाई की गई है, वह मेढ़ा सोसाइटी के प्रबंधक का रिश्तेदार है।






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## हरिभूमि की खबर पर मुहर... विधानसभा सत्र 19 तक, गूंजेगा वंदे मातरम

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में रविवार को विधानसभा के समिति कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में वित्तीय एवं विधायी कार्य पर चर्चा करने समय का निर्धारण किया गया। ⏭| शेष पेज 5 पर





haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार, 15 दिसंबर 2025







### पांच बार के विधायक, बिहार के मंत्री नबीन को मिली बड़ी जिम्मेदारी

# छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नितिन अब भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष



*राजनीति में अक्सर चौंकाने वाले फैसले लेने वाली भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर बड़ा दांव खेला है। बिहार के कद्दावर नेता और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का किला ढहाने वाले नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन भाजपा के सबसे युवा अध्यक्षों में से एक हैं। नबीन बिहार में बाल विकास मंत्री और पटना के बांकीपुर से विधायक हैं।*

### भाजपा के खेला बड़ा दांव, सौंपी सबसे बड़ी जिम्मेदारी

**पीएम मोदी बोले- पार्टी को मिलेगी मजबूती**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नितिन नबीन को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी (नबीन की) ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। नबीन (45) को पार्टी के संसदीय बोर्ड द्वारा भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, नितिन नबीन जी ने एक मेहनती कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वह एक युवा और कर्मठ नेता हैं, जिनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है।

हरिभूमि न्यूज ⏭| नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। भविष्य में वह जे. पी. नड्डा का स्थान लेते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते हैं। इसे सत्तारूढ़ दल में पीढ़ीगत बदलाव का संकेत माना जा रहा है। पार्टी नेताओं के अनुसार, नितिन नबीन (45) दिवंगत नबीन किशोर प्रसाद सिन्हा (भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक) के पुत्र हैं। उन्हें एक गतिशील, वैचारिक रूप से दृढ़ और संगठन के प्रति गहराई से समर्पित नेता माना जाता है। पांच बार विधायक रहे नितिन नबीन ⏭| शेष पेज 5 पर



फाइल फोटो

#### छत्तीसगढ़ का मास्टरस्ट्रोक

नितिन नबीन की सबसे बड़ी उपलब्धि 2023 का छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव है। जब वे छत्तीसगढ़ के प्रभारी बनाए गए, तब वहां भूपेश बघेल की सरकार बेहद मजबूत मानी जा रही थी। नबीन ने वहां हारे हुए मनोबल वाले कार्यकर्ताओं में जान फूंकी। महतारी वंदन योजना जैसी रणनीतियों को जमीन पर उतारा।

#### विरासत और वफादारी

नितिन नबीन भाजपा की विचारधारा में रचे-बसे परिवार से आते हैं। वे दिग्गज भाजपा नेता और पटना से 7 बार के विधायक रहे नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। पिता के निधन के बाद नितिन ने उनकी विरासत संभाली, लेकिन कभी भी परिवारवाद का ठप्पा नहीं लगने दिया।

#### छग के भाजपाइयों ने किया स्वागत

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित प्रदेश के समस्त वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों, निगम-मण्डल अध्यक्षों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। किरण देव ने श्री नबीन के यशस्वी कार्यकाल की कामना करते हुए कहा, उनका मार्गदर्शन पार्टी संगठन एवं ⏭| शेष पेज 5 पर

# सीएम बोले- महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी दूर करेगा छग का विजन डॉक्यूमेंट 2047

- वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रखा विकसित छत्तीसगढ़ के लिए सरकार का प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭| रायपुर

नए विधानसभा भवन में रविवार से शीतकालीन सत्र प्रारंभ हुआ। पहले दिन विजन डॉक्यूमेंट 2047 की रुपरेखा पर मैराथन मंथन हुआ। कार्यवाही प्रारंभ होते ही वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सदन के पटल पर विजन डॉक्यूमेंट 2047 की रुपरेखा को सदस्यों के सामने रखा। विपक्षी कांग्रेस के विधायकों ने पहले दिन की चर्चा का बहिष्कार का ऐलान किया था, इसलिए चर्चा में उन्होंने भाग नहीं लिया।

चर्चा में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि हर वर्ग से मुलाकात करके युवा, महिला, किमान, व्यापारी, सभी वर्गों में अलग-अलग बैठकर उनसे सब मशविरा करके यह विजन ⏭| शेष पेज 5 पर







#### राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों को स्थापित करने की योजना-ओपी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विजन 2047 पर कहा, दुनिया में भारत ऐसा देश है, जिसकी आबादी युवा है। विपक्ष विजन 2047 पर सवाल उठाने का काम करता है। आगे बढ़ने के लक्ष्य के लिए विजन होना आवश्यक है। आज देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। भारत की अर्थव्यवस्था 2047 में 64 ट्रिलियन डॉलर होगी। आज जो पीढ़ी है उसके पास विकास का बड़ा अवसर होगा। कृषि, उद्योग, सेवा विकास दर को बढ़ाने वाला विजन होगा। राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों को छत्तीसगढ़ में स्थापित करने की योजना है।

#### गुड गवर्नेंस पर सरकार का फोकस

*श्री चौधरी ने सदन को बताया कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही है। शासन की कोशिश है कि तकनीकी सुविधा का लाभ गांव-गांव तक पहुंचे। शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क पर काम हो। उन्होंने कहा, बस्तर में आर्गेनिक फॉर्मिंग के काम को हम आगे बढ़ा रहे हैं। हमारी कोशिश है कि हम परंपरागत खेती की ओर किसानों को लेकर जाएं। दंतेवाड़ा जिले में 70 फीसदी आर्गेनिक खेती का काम हो रहा है। हम चाहते हैं कि ये आंकड़ा और आगे जाए। गुड गवर्नेंस के तहत सबको सरकारी योजनाओं का लाभ मिले इस पर काम कर रहे हैं।*

#### चंद्राकर ने अपनी ही सरकार को घेरा

ओपी चौधरी के प्रस्ताव पर बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा- हमको नहीं पता कि क्या बोलना है। पक्ष में या विपक्ष में. या फिर विजन को लेकर सलाह देना है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को विजन डॉक्यूमेंट के लिए बधाई देते हुए कहा, आज तक तय नहीं हो पाया कि रोजगार की परिभाषा क्या है? कृषि का रकबा कम हो रहा है, फसलों के उत्पादन में कमी आई है, एलाइड सेक्टर में भी कमी है, लघु सूक्ष्म की योजनाएं अधर में हैं, क्षेत्रीय असंतुलन दिख रहा है। उन्होंने कहा कि 97 प्रतिशत छत्तीसगढ़ के लोग अनस्किल्ड हैं। मेक इन छत्तीसगढ़ की अवधारणा कहाँ है? कुटीर उद्योगों के लिए क्या नीति है? कहीं पर भी आज तक छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए नीति नहीं ⏭| शेष पेज 5 पर






#### पीएम, सीजेआई से मुलाकात करेंगे मेस्सी


**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी सोमवार को भारत दौरे के दिल्ली चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आधिकारिक आवास पर जाने के बाद एक सांसद के आवास पर भारत के मुख्य न्यायाधीश और सेना प्रमुख से मुलाकात करेंगे। जीओएटी भारत दौरे के अंतिम दिन मेस्सी फिरोजशाह कोटला स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम के दो सदस्यों से भी मिलेंगे।

#### बस और एसयूवी कार की टक्कर में तीन की मौत

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के मौदहा थाना क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर रविवार को एक तेज रफ्तार बस की टक्कर से एसयूवी कार सवार तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। महोबा जिले के खन्ना थाना क्षेत्र के गौएड़ी गांव निवासी सिद्धांगोपाल रामसहोदर और उनके बड़े भाई घनश्याम चार अन्य लोगों के साथ एक महिला की अस्थिया लेकर एसयूवी कार से प्रयागराज जा रहे थे।

#### नकली मलहम बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शेड्यूल-एच की नकली दवाओं के निर्माण, दोबारा पैक करने और देशव्यापी बिक्री में कथित रूप से शामिल एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक विनिर्माण इकाई का भी पता लगाया है। वहां से 2.3 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की नकली दवाएं और कच्चा माल जब्त किया है।

## पंजाब-हरियाणा में ठिठुरन, दिल्ली में छाई धुंध के कारण सड़कों पर रेंग रहे वाहन

देश में बढ़ती ठंड के कारण जनजीवन काफी प्रभावित हो रहा है। रविवार सुबह दिल्ली और आसपास के इलाकों में घना कोहरा देखने को मिला। दृश्यता बेहद कम होने के चलते वाहन सड़कों पर रेंगते नजर आए। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई है। उत्तर पूर्वी राज्यों में भी घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मध्य भारत और देश के दक्षिण पश्चिमी राज्यों में मौसम सामान्य रहने के आसार हैं। वहीं, ओडिशा, कर्नाटक और तेलंगाना में शीत लहर की चेतावनी दी गई है।

# दिल्ली में धुंध, हिमाचल में बर्फबारी, तेलंगाना-कर्नाटक-ओडिशा में शीतलहर का अलर्ट

## दिन पर दिन देश में बढ़ती जा रही ठंड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बता दें कि शनिवार के दिन ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर हादसे के बाद स्पीड लिमिट कम कर दी गई थी। दिल्ली समेत उत्तर भारत में आने वाले दिनों में भी घना कोहरा रहने के आसार हैं। पंजाब और हरियाणा में ठिठुरन का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कहा कि ठंडी हवाएं सेहत के लिए खतरा पैदा करती हैं इसलिए गर्म कपड़े पहनने, घरों को गर्म रखने, गर्म पानी पीने की सलाह दी गई है। फसलों और जानवरों को पाले से बचाने के लिए भी मौसम विभाग ने सलाह दी है।

मौसम विभाग के अनुसार 15-16 दिसंबर को ओडिशा में कोल्ड वेव की स्थिति रहने की संभावना है। इसी प्रकार आज 15 दिसंबर को उत्तरी अंदरूनी कर्नाटक में बहुत ज्यादा कोल्ड वेव की स्थिति रहने की संभावना है। आईएमडी ने 15 और 17 दिसंबर को तेलंगाना और अंदरूनी कर्नाटक के कुछ इलाकों में कोल्ड वेव की स्थिति रहने की उम्मीद जताई है।



### पंजाब और हरियाणा में ठिठुरन

पंजाब एवं हरियाणा में ठिठुरन बनी हुई है। दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम था। मौसम विभाग ने बताया कि पंजाब के अमृतसर में न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। लुधियाना में 6.4 डिग्री, पटियाला में 6.9 डिग्री और बठिंडा में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रहा। विभाग ने बताया कि फरीदकोट और गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान क्रमशः 5.2 डिग्री सेल्सियस और 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के आसार

मौसम विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने वाले एक नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण सप्ताहांत में हिमाचल प्रदेश के चंबा, कुल्लू और लाहौल एवं स्पीति के ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि हिमाचल के अन्य नौ जिलों में मौसम सामान्य रहेगा। लाहौल और चंबा के ऊंचे इलाकों में 17, 18 और 19 दिसंबर को बहुत हल्की बर्फबारी होने की भी संभावना है।



### क्यों बिगड़ी दिल्ली की हवा?

लगातार बढ़ते प्रदूषण का मुख्य कारण मौसम पैटर्न हैं। खासतौर पर पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की गति बहुत धीमी हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार हवा की इस धीमी गति के कारण प्रदूषण के स्तर में भारी वृद्धि हुई है और पश्चिमी विक्षोभ के कारण रविवार को भी एक्यूआई इसी स्तर पर बना रह सकता है। कल यानी 16 दिसंबर से मामूली राहत मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### आईईडी विस्फोट में दो जवान घायल



**चाईबासा।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन के दो जवान झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में सारंडा के जंगल में रविवार को तलाश अभियान के दौरान तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों में हुए अलग-अलग विस्फोटों में गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारी ने संदेह जताया कि इन आईईडी को नक्सलियों ने लगाया था। घायल जवानों की पहचान हेड कॉन्स्टेबल आलोक दास और सिपाही नारायण दास के रूप में हुई है।

### दुर्घटना स्थल से तीन और शव बरामद किए गए

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में 22 मजदूरों को लेकर आ रहे मिनी ट्रक के शुक्रवार को गहरी खाई में गिरने की घटना में मारे गए तीन और लोगों के शव रविवार को बरामद किये गए। राज्य आपदा प्रबंधन सचिव दानी शालू ने यहां एक बयान में कहा कि शुक्रवार से अब तक दुर्घटनास्थल से 20 शव बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना आठ दिसंबर की शाम को जिले के हयूलियांग से लगभग 40 किलोमीटर दूर घटी। तलाशी अभियान शनिवार शाम को कम दृश्यता के कारण रोक दिया था और रविवार सुबह छह बजे इसे फिर शुरू किया गया।

### बाघों को भगाने 'संगीत' का इस्तेमाल कर रहे किसान



**पीलीभीत।** पीलीभीत बाघ अभयारण्य की माला रेंज से सटे गांवों में रहने वाले किसानों ने गन्ने की कटाई के दौरान सौर ऊर्जा से चलने वाले 'साउंड सिस्टम' पर तेज आवाज में गाने बजाकर बाघों को अपने खेतों से दूर रखने का एक अनोखा तरीका निकाला है। किसानों ने बताया कि शोर से वन्यजीवों को खेतों से दूर रखा जा सकता है। चूंकि गन्ने के खेत घने होते हैं और दृश्यता कम होती है, इसलिए कटाई के दौरान बाघों से अचानक सामना होने का खतरा ज्यादा रहता है।

## आईडीएफ ने किया ढेर, 7 अक्टूबर के हमले के बाद से थी तलाश

# इजरायल ने मारा उस कार पर सटीक निशाना जिसमें बैठा था हमले का मास्टरमाइंड राद साद



एजेंसी ▶▶| येरूशलम

इजरायली सेना को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। इजरायल के सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमले के मास्टरमाइंड और हमास के वेपन चीफ कमांडर राद साद को एक हवाई हमले में ढेर कर दिया है। आईडीएफ ने एक्स पर राद साद को ढेर करने का वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि सैकड़ों सुरक्षा वाहनों के बीच चल रही राद साद की कार पर अचानक आकर बम गिरा और उसके परखच्चे उड़ गए। आईडीएफ के अनुसार इस हमले में और भी कई दहशतगर्द मारे गए हैं।



### राद साद ने संभाले थे कई वरिष्ठ पद

आईडीएफ ने एक्स पर लिखा, राद साद, हमास की सैन्य इकाई के हथियार उत्पादन मुख्यालय के प्रमुख और 7 अक्टूबर नरसंहार के मुख्य सूत्रधारों में से एक था। इसके अलावा साद गाजा पट्टी में बचे हुए हमास के अंतिम अनुभवी वरिष्ठ उग्रवादियों में से एक था। हमास की सैन्य इकाई के उप प्रमुख मारवान ईसा का करीबी सहयोगी था। उसने कई वरिष्ठ पद संभाले थे और संगठन की सैन्य नेतृत्व में एक केंद्रीय व्यक्ति था।

**कई इजरायली सैनिकों की हत्या का था जिम्मेदार**

युद्ध के दौरान हमास के हथियार उत्पादन इकाइयों द्वारा निर्मित विस्फोटक उपकरणों से कई इजरायली सैनिकों की हत्या के लिए वह जिम्मेदार था। राद साद ने युद्धविराम समझौते का उल्लंघन करने में सीधी संलिप्तता शामिल थी। उसने युद्धविराम अवधि के दौरान गाजा पट्टी में हथियारों के निरंतर उत्पादन की भी निगरानी की थी। उसके खात्मे से हमास की अपनी क्षमताओं को फिर से स्थापित करने की क्षमता में काफी गिरावट आएगी।

### कैसे मारा गया राद साद

*आईडीएफ द्वारा जारी वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हमास के टॉप आतंकी राद साद का काफिला गाजा में एक स्थान से गुजर रहा है। राद साद को कई हथियारबंद लड़ाके अन्य वाहनों से एस्कॉर्ट कर रहे हैं। इसी बीच एक जोरदार बम धमाका होता है और राद साद की कार इस हमले में उड़ जाती है। इजरायली सेना का हमला इतना ज्यादा जबरदस्त और सटीक था कि बम सीधे राद साथ की चलती कार पर ही आकर गिरता है। फिर सेकेंडों में सब कुछ खत्म हो जाता है। राद साद को एस्कॉर्ट कर रहे अन्य हमास लड़ाकों में इस दौरान खलबली मच जाती है।*

## सैनिकों की मौत पर भड़के ट्रंप

# जमीन में दफना दूंगा आईएसआईएस को



### सीरिया में हुए हमले पर जताया शोक

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

सीरिया में इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया के हमले में अमेरिकी सेना के 2 जवानों और एक आम नागरिक की मौत हो गई है, जो सीरिया में जवानों के साथ बतौर इंटरप्रेटर तैनात था। आईएसआईएस की इस हरकत से भड़के राष्ट्रपति ट्रंप ने सीधी चेतावनी देते हुए कहा कि आईएसआईएस जमीन में दफन करवा दूंगा। बता दें कि एक साल पहले सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद सत्ता से हट गए थे, जिसके बाद पहली बार अमेरिकी सेना पर सीरिया में हमला हुआ है, जिसमें लोग मारे गए हैं।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने पोस्ट में ये लिखा

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर पोस्ट में लिखा कि सीरिया के एक बेहद खतरनाक हिस्से में, जहां आईएसआईएस का पूरा कंट्रोल नहीं है, वहां तैनात अमेरिकी सैनिकों पर उन्होंने हमला किया है। सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शारा इस हमले से बेहद नाराज और परेशान हैं। आईएसआईएस को अब मिलकर दफन कर देंगे। ट्रंप ने 2 अमेरिकी सैनिकों और अमेरिकी नागरिक की मौत पर शोक व्यक्त किया। सीरियाई सरकारी मीडिया ने बताया कि मध्य सीरिया के पल्मायरा में अमेरिका और सीरिया के सैनिक दौरा कर रहे थे।

### दुश्मनों पर काल बनकर मंडराएगी अमेरिकी सेना

अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिसने हमला किया था, उसे ढेर कर दिया गया है। आईएसआईएस को चेतावनी है कि वह दुनिया में जहां भी अमेरिका के लोगों को निशाना बनाएंगे, वहां घुसकर तुम्हारा खात्मा करेंगे और जिदंगी इतनी जहन्नुम बना देंगे कि हमला करने पर पछताओगे। अमेरिका अब तुम्हारा पीछा करेगा, जहां कहीं भी छिपे होंगे, वहां से निकालकर जमीन में दफन कर देगा। दुश्मनों पर अब काल बनकर मंडराएगी अमेरिका की सेना।

# खैर की लकड़ी की कटाई का पैसा लगा आतंकी गतिविधियों में

### ईडी ने 40 ठिकानों पर मारा छापा, सोना-जेवरात समेत नकदी जब्त



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय की मुंबई जोनल टीम ने देशभर में एक बड़े ऑपरेशन के तहत 40 जगहों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002 के तहत की गई। छापे मुंबई के पदघा-बोरीवली इलाके, दिल्ली, कोलकाता, हजारीबाग, प्रयागराज, दमण और रत्नागिरी में मारे गए। यह छापेमारी साकिब नाचन और उसके साथियों से जुड़े आईएसआईएस-लिंक्ड मॉड्यूल की जांच के सिलसिले में की गई थी। ईडी को यह भी पता चला की कत्था बनाने वाली लकड़ी को गैरकानूनी तरीके से काटकर इसके पैसे का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए हो रहा था।

### 3.70 करोड़ नगद, 6 करोड़ के जेवरात बरामद

ईडी की कार्रवाई में करीब 9.70 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई, जिसमें 3.70 करोड़ रुपये नकद और करीब 6 करोड़ रुपये का सोना-जेवरात और बुलियन शामिल है। इसके अलावा, 25 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है। छापों में कट्टरपंथी साहित्य, संदिग्ध दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस भी बरामद हुए हैं।

**आतंकियों के लिए हो रहा था पैसों का इस्तेमाल :** ईडी को मुंबई एटीएस से मिले इनपुट्स में यह भी पाया गया कि इस मॉड्यूल से जुड़े लोग गैरकानूनी तौर पर खैर लकड़ी की कटाई, तस्करी और बिक्री के जरिए पैसा कमा रहे थे, जिसे आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल किया जा रहा था। ईडी की फाइनेंशियल एनालिसिस में सामने आया कि कई संदिग्धों के बैंक खातों से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से मुख्य आरोपियों के खातों में लेन-देन हुए हैं।

## माघ मेला की तैयारी...



**प्रयागराज।** हर साल माघ मेला में उमड़ने वाली भीड़ को मद्देनजर रखते हुए प्रदेश सरकार सुरक्षा की माकूल इंतजाम कर रही है। गंगा नदी पर अस्थायी पुल का निर्माण किया जा रहा है। माघ मेला 3 जनवरी 2026 से शुरू होगा, जो कि 15 फरवरी तक चलेगा। माघ मेला के दौरान यूं तो किसी भी दिन स्नान करने से पुण्य फलों की प्राप्ति होती है। लेकिन माघ मेला में कुछ प्रमुख स्नान की तिथियां होती हैं, जिस दौरान श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ हो जाती है।

## लॉटरी कारोबारी के बेटे ने बनाई एलजेके पार्टी

**पुडुचेरी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पदाधिकारी और 'लॉटरी किंग' सैंटियागो मार्टिन के बेटे जोस चार्ल्स मार्टिन ने रविवार को पुडुचेरी में अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी 'लक्ष्य जननायगा काची' (एलजेके) की शुरुआत की। मार्टिन ने पुडुचेरी में अपने 'जेसीएम मक्कल मंड्रम' संगठन के माध्यम से जनसमर्थन जुटाया है। यह संगठन केंद्र शासित प्रदेश के 30 में से 25 निर्वाचन क्षेत्रों में जरूरतमंदों को कल्याणकारी सहायता वितरित करता है। उन्होंने अब इस संगठन को एक राजनीतिक दल में परिवर्तित कर दिया है।जोस (39) पहले 2015 से भाजपा के साथ थे, लेकिन स्थानीय नेतृत्व के साथ मतभेद के बाद उन्होंने 2024 में खुद को पार्टी से अलग कर लिया था।

## अभी तक खारिज की तीसरी याचिका

# राष्ट्रपति मुर्मू ने खारिज की 2 वर्षीय बच्ची के बलात्कार-हत्या के दोषी की दया याचिका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र में साल 2012 में 2 वर्षीय मासूम बच्ची का अपहरण कर बलात्कार और हत्या करने के दोषी रवि अशोक घुमारे की दया याचिका खारिज कर दिया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने यह सख्त निर्णय 6 नवंबर, 2025 को लिया था। बता दें कि 25 जुलाई, 2022 को पदभार संभालने के बाद से राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा खारिज की गई यह तीसरी दया याचिका है। अब घुमारे को सजा मिलना तय है।

### सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखी थी मौत की सजा

सुप्रीम कोर्ट ने 3 अक्टूबर, 2019 को घुमारे की मौत की सजा को बरकरार रखा था। जस्टिस सूर्यकांत समेत 3 जजों की पीठ ने पाया कि घुमारे का अपनी कामुक इच्छाओं पर कोई नियंत्रण नहीं था और उसने अपनी यौन भूख मिटाने के लिए सभी प्राकृतिक, सामाजिक और कानूनी सीमाओं को पार कर दिया था। कोर्ट कहा था कि उसने एक खिलते हुए जीवन को बेरहमी से खत्म कर दिया और 2 साल की बच्ची के साथ अप्राकृतिक अपराध किया।



### क्या था यह जघन्य अपराध?

अभियोजन पक्ष ने बताया था कि जघन्य अपराधी श्रेणी में आने वाली यह घटना 6 मार्च, 2012 को महाराष्ट्र के जालना शहर के इंदिरा नगर में घटी थी। घुमारे ने पीड़िता को चॉकलेट का लालच दिया था। निचली अदालत ने 16 सितंबर, 2015 को उसे दोषी ठहराया और मौत की सजा सुनाई थी। घुमारे ने फैसले को बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन जनवरी 2016 में हाई कोर्ट ने भी निचजी अदालत के फैसले को बरकरार रखा था।

### राष्ट्रपति के विवेक पर आधारित है दया याचिका का फैसला

*राष्ट्रपति मुर्मू का निर्णय संविधान के अनुच्छेद 72 के अनुसार लिया गया था, जो राष्ट्रपति को अपराधों, विशेष रूप से मृत्यु दंड या कोर्ट-मार्शल मामलों में क्षमादान, सजा में छूट, राहत, माफी या सजा कम करने का अधिकार देता है, जिससे कठोर न्याय से राहत मिलती है। यह शक्ति आमतौर पर मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर प्रयोग की जाती है और मनमानी के लिए सीमित न्यायिक समीक्षा के अधीन है। यह राष्ट्रपति के विकेट पर भी आधारित होती है।*

## स्थानीय निकाय चुनाव

# केरल में चुनाव बाद हिंसा, आपस में भिड़ गए सभी दलों के कार्यकर्ता

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरल में स्थानीय निकाय चुनावों के परिणाम घोषित होने के बाद विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा सड़कों पर उतरकर जश्न मनाने के हुई हिंसक झड़पों में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि लगभग सभी प्रमुख दलों- सीपीएम, भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के खिलाफ विभिन्न घटनाओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। कई आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और स्थिति अब नियंत्रण में है। पुलिस का कहना है कि घटनाओं को बढ़ने से रोका गया और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### एक-दूसरे के कार्यालयों में तोड़फोड़- मारपीट

कन्नूर जिले के पनूर क्षेत्र में सीपीएम कार्यकर्ताओं पर मुस्लिम लीग कार्यालय पर पत्थरबाजी करने का आरोप लगा है, जिसके लिए मुकदमा दर्ज किया गया। इसी जिले के कनन्नवम क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी उपद्रव करने के मामले में केस दर्ज हुआ। वहीं, कोझिकोड जिले के इरमाला में सीपीएम कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर हमले और तोड़फोड़ की घटना सामने आई।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चुनावी उत्साह में हुई इन घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है।

रायपुर
सोमवार, 15 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण पक्ष एकादशी
वर्ष: 24, अंक: 147
पृष्ठ : 12+4+4 =20 मूल्य: 5.00**

**मौसम**
अधि. 28.2
न्यून. 12.9

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# डायवर्सन के लिए अब एसडीएम का चक्कर खत्म ऑनलाइन अर्जी के 16वें दिन घर बैठे आएगा आदेश

## राजस्व विभाग ने अधिसूचना जारी कर बताया- किन क्षेत्रों में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति जरूरी नहीं होगी

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब जमीन के डायवर्सन के लिए अब सक्षम प्राधिकारी के रूप में एसडीएम के आदेश का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। ये पूरा सिस्टम अब ऑनलाइन तरीके से होगा। आवेदन के बाद 15 दिन में अगर विभाग से आदेश जारी नहीं हुआ तो 16वें दिन पोर्टल से ऑटो मोड में आदेश जारी हो जाएगा। हरिभूमि ने पिछले दिनों सबसे पहले इस संबंध में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था।

अब राजस्व विभाग ने भू-राजस्व संहिता में संशोधन का आदेश जारी कर साफ कर दिया है कि किस तरह की जमीन के लिए सक्षम प्राधिकारी की अनुमति की आवश्यकता ▶▶|शेष पेज 5 पर

### अब होगा ये बदलाव

छत्तीसगढ़ में अब जमीनों के डायवर्सन के लिए अब शहरों से लेकर गांवों तक में किसानों, भूमि स्वामियों को एसडीएम के दफ्तर में चक्कर लगाने से पूरी तरह छुटकारा मिल जाएगा। राज्य सरकार ने प्रक्रिया में बदलाव की रूपरेखा तैयार कर इसे प्रस्तावित कर दिया है। इस पर दावा-आपत्ति के बाद यह सिस्टम लागू हो जाएगा। इस काम के लिए एक अलग पोर्टल भी बनाया जा रहा है।


अब ऑनलाइन होगा जमीन का डायवर्सन,16 वें दिन मिल जाएगा आदेश

### ये है मामला

राज्य सरकार ने डायवर्सन के मामलों को आसान बनाने के लिए छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण नियम-2025 बनाया है। इस पर दावा-आपत्ति के लिए 15 दिनों का समय दिया गया है। इस समय के भीतर आने वाली दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा।

### अब नहीं लगाने होंगे एसडीएम दफ्तर के चक्कर

छत्तीसगढ़ में यह नियम लागू होने से पहले जमीनों का डायवर्सन एक लंबा समय लेना वाला एक पेचीदा काम बना हुआ था। डायवर्सन के लिए आवेदन देने के बाद एसडीएम को आदेश जारी करने के लिए ही 60 दिन यानी दो माह का समय दिया जाता था, लेकिन इसके बाद भी ▶▶|शेष पेज 5 पर

निधन

## सीनियर आईपीएस प्रखर पांडेय का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीनियर आईपीएस प्रखर पाण्डेय का हार्ट अटैक से रविवार को शाम सवा चार बजे निधन हो गया। श्री पाण्डेय का उपचार राम कृष्ण अस्पताल में चल रहा था। उन्हें गंभीर हालत में भिलाई स्थित सेक्टर-9 अस्पताल से रेफर कर रायपुर लाया गया था। आईपीएस अधिकारी को पांच दिसंबर सुबह चार बजे के करीब हार्ट अटैक आया था। आईपीएस अधिकारी के निधन की खबर मिलने से पुलिस विभाग में शोक की लहर है। आईपीएस प्रखर पांडेय वर्तमान में पीएचक्यू में सीआईडी डीआईजी के पद पर पदस्थ थे। प्रखर पाण्डेय अपने सेवाकाल में कई महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ रहे हैं। वे कबीरधाम, सूरजपुर और दुर्ग जिले में एसपी के पद पर पदस्थ रहे हैं। श्री पाण्डेय रायपुर में सीएसपी के ▶▶|शेष पेज 5 पर



- आज भिलाई में किया जाएगा अंतिम संस्कार

## सिडनी शूटआउट : हनुक्का धार्मिक उत्सव में भारी गोलीबारी

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर बड़ा आतंकी हमला, 11 की मौत

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर रविवार को यहूदी समुदाय के उत्सव के दौरान दो बंदूकधारियों की अंधाधुंध गोलीबारी में 11 लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने इसे आतंकी हमला करार दिया है। पुलिस ने एक हमलावर को मार गिराया जबकि एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। इस हमले में दो पुलिस अधिकारियों समेत 29 लोग घायल हुए हैं। यहूदी त्योहार हनुक्का की शुरुआत का ▶▶|शेष पेज 5 पर

- पुलिस ने एक हमलावर को मार गिराया, एक गिरफ्तार

### त्योहार में जुटा था यहूदी समुदाय

आपको बता दें कि हनुक्का बाय द सी नाम के इस उत्सव का हर साल चाबाद ऑफ बॉन्डी की तरफ से आयोजन किया जाता है। ये उत्सव, यहूदी समुदाय के लिए आस्था और एकजुटता का प्रतीक माना जाता है। अचानक हुई फायरिंग से वहां अफरा-तफरी मच गई।



### पीएम मोदी ने की हमले की निंदा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमले की निंदा की और दुख की इस घड़ी में वहां के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर आज हुए भयावह आतंकवादी हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं।

### सरकार नजर रख रही

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस के प्रवक्ता ने कहा कि सरकार इस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। हमें बोंडी इलाके में चल रही सुरक्षा स्थिति की जानकारी है। हम वहां मौजूद लोगों से अपील करते हैं कि वे न्यू साउथ वेल्स पुलिस द्वारा दी जा रही सलाह का पालन करें।

### वॉन ने छिपकर जान बचाई

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन इस हमले में बाल-बाल बचे हैं। उन्होंने रेस्त्रां में छिपकर अपनी जान बचाई। उन्होंने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। वॉन ने एक्स पर लिखा-बॉन्डी में एक रेस्टोरेंट के अंदर बंद रहना बहुत डरावना था।



### बुजुर्ग ने हमलावर से बंदूक छीनी, दौड़ाया

एक बुजुर्ग ने जान पर खेलकर एक आतंकी को दबोच लिया। उन्होंने आतंकी से गन छीनकर कई लोगों की जान बचाई। बुजुर्ग ने आतंकी पर दो राउंड फायर करने की कोशिश भी की और दूर तक दौड़ाया। हमले में इजराइल-ऑस्ट्रेलिया यहूदी परिषद के अध्यक्ष आर्सेन ओस्ट्रोव्स्की भी घायल हो गए। ओस्ट्रोव्स्की के सिर में चोट आई है।

### हमलावर की पहचान

एक हमलावर की पहचान नावीद अकरम के रूप में हुई है। उसकी उम्र 24 साल है। वह राजमिस्त्री का काम करता था। कुछ दिन पहले ही उसकी नौकरी छिन गई थी। फिलहाल वह जिंदा है नहीं, यह जानकारी नहीं है।

## रामलीला मैदान में कांग्रेस की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली

# 'वोट चोरी' पर राहुल ने बोला हमला कहा- चोरी भाजपा के डीएनए में है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित 'वोट चोरी' को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा तथा निर्वाचन आयोग पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 'चोरी भाजपा के डीएनए में है', लेकिन उनकी पार्टी सत्य के साथ खड़े होकर 'आरएसएस की सरकार' को देश से बाहर करेगी। राहुल गांधी ने यहां रामलीला मैदान में कांग्रेस की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और ▶▶|शेष पेज 5 पर



### खरगे ने पीएम पर साधा निशाना

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रैली में यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आरएसएस और मनुस्मृति की विचारधारा पर आगे बढ़ रहे हैं जिससे देश खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश को बचाना है, वोटों को सुरक्षित रखना है।

### प्रियंका बोली- यूपी में काटे गए तीन करोड़ मतदाता

प्रियंका गांधी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर दावा किया कि उत्तर प्रदेश में तीन करोड़ नाम मतदाता सूचियों से काटे गए हैं। उनका कहना था कि बिहार विधानसभा चुनाव में हार को लेकर कांग्रेस समर्थकों को मायूस होने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह चुनाव 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काटकर और आचार संहिता के बीच लोगों के खातों में 10-10 हजार रुपए पहुंचाकर चोरी हुआ है।

### विज का पलटवार कहा- कांग्रेस नाकामी छिपा रही



हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस की रैली पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए पहले से ही स्यापा करती आ रही है। अब 'वोट चोर गद्दी छोड़' की तेरहवीं कर रही है। पिछले लंबे समय से देश में जहां-जहां भी चुनाव हुए हैं कांग्रेस पार्टी हारती आ रही है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी हार को लेकर कभी ईवीएम पर सवाल उठाती हैं।



चिंतन

# आतंक का नया चेहरा बन रहा बड़ी चुनौती

आजकल देखने में आ रहा है कि आतंकवादी भीड़ भरे स्थानों पर हमला कर लोगों को निशाना बना रहे हैं। दहशतगर्दों की ऐसी वारदातों से सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के तमाम देश प्रभावित हैं। इस बार हमला ऑस्ट्रेलिया में हुआ है, जहां आतंकियों ने सिडनी शहर में यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। इस बड़े आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। आतंकियों ने बॉन्डी बीच पर आयोजित हनुक्का धार्मिक उत्सव के दौरान अचानक भारी गोलीबारी कर 12 लोगों की हत्या कर दी। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल भी बताए जा रहे हैं। यह हमला उस समय हुआ, जब समुद्र तट पर 'हनुक्का बाय द सी' नामक कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था। हमले के बाद अफरा-तफरी मच गई और लोग बचाव के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। हालांकि सुरक्षाबलों ने एक हमलावर को भी मौके पर मार गिराया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि इस हमले को दो युवाओं ने ही अंजाम दिया है। इससे पहले दिल्ली में लाल किले के पास हुआ हमला भी भीड़ भरे इलाके में ही हुआ था और हमलावर युवा ही थे। हमले की साजिश में अल-फलाह यूनिवर्सिटी के सफेद कॉलर यानी डॉक्टर और इंजीनियर भी शामिल थे। आतंक का यह नया चेहरा अब पूरी दुनिया के लिए चुनौती बनता जा रहा है। इससे निपटने के लिए सभी देशों को मिलकर कड़े कदम उठाने होंगे। भारत हमेशा से ही आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। देश में सीमापार आतंक बड़ी चुनौती रहा है, लेकिन अब आतंक का यह बदलता स्वरूप कब, कहां और किसको निशाना बना देगा, इसका कुछ पता नहीं चलता। कई बार तो ऐसी जगहों पर खुफिया एजेंसियां भी नाकाम साबित हो जाती हैं। वहीं, खुफिया सूत्रों के मुताबिक, अब आतंकी हमलों में सुसाइड बॉम्बर, लॉजिस्टिक सपोर्ट, फंडिंग और नेटवर्किंग जैसी भूमिकाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। कुछ ऑनलाइन एप भी आतंकियों के मददगार साबित हो रहे हैं। दिल्ली धमाके ने आतंक के इस नए पैटर्न को उजागर किया है। जांच में सामने आया है कि डॉक्टरों सहित कुछ उच्च-शिक्षित पेशेवर भी 10 नवंबर को हुए इस हमले की साजिश में शामिल थे, जिसमें कई लोग मारे गए और कई घायल हुए। यही कारण है कि सुरक्षाबलों के लिए इस व्हाइट-कॉलर टेरर इकोसिस्टम को ध्वस्त करना अब सबसे बड़ी प्राथमिकता बन चुका है। आतंक के खिलाफ कार्रवाई केवल सरकारों और सुरक्षाबलों की ही नहीं है, बल्कि आम लोगों की भी जिम्मेदारी है। आमजन को हमेशा जागरूक रहना होगा और आसपास कोई भी संदिग्ध गतिविधि मिलने पर उसकी जानकारी अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन को देनी होगी। वहीं, कई बार देखने में आता है कि आतंकी आपके आसपास ही पनाह लिए मिलता है। ऐसे में किसी को अपने मकान या घर में किराए पर रखते हैं तो उसकी पूरी जानकारी लें और कोई संदिग्ध गतिविधि दिखने पर उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते किसी बड़ी वारदात से बचा जा सके। ऐसे कुछ कदम उठाकर ही हम आतंकवाद के इस बदलते स्वरूप से निपट सकेंगे। इस बड़ी चुनौती से निपटने के लिए नए तरीकों को अपनाना होगा। हमें आतंकवाद के मूल कारणों को समझना होगा और उन्हें दूर करने के लिए काम करना होगा, तभी इस नासूर बन चुके आतंकवाद से मुक्ति मिल सकेगी।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी


# ग्राहकों को मिले ब्याज दर कटौती का लाभ

**आरबीआई के द्वारा हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद होगा। उम्मीद करें कि इस अहम फैसले से हर तरह के कर्ज सस्ते होंगे। इससे उद्योग-कारोबार की गतिशीलता बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा और अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी।**

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गर्वनर संजय मल्होत्रा ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बैंकों के मुख्य कार्याधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि रिजर्व बैंक के द्वारा 5 दिसंबर को ब्याज दरों में कटौती के मद्देनजर रेपो रेट में 25 आधार अंक की जो कटौती की गई है, उसका लाभ बैंकों के द्वारा विभिन्न वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचाया जाना जरूरी है। इस परिप्रेक्ष्य में जहां स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र जैसे कुछ बैंकों ने ग्राहकों को ब्याज दर में कमी करके लाभांवित करना शुरू कर दिया है, वहीं अन्य बैंकों के करोड़ों उपभोक्ता ब्याज दर में कमी किए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

गौरतलब है कि आरबीआई के द्वारा हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। इस समीक्षा बैठक में कहा गया है कि देश में इस समय महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर 2.2 फीसदी पर है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ का अनुमान 7.3 फीसदी है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रफ्तार पकड़ रही है और आगे भी यही रुझान बना रहने की पूरी उम्मीद है। साथ ही रिजर्व बैंक दिसंबर महीने में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने और नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए अहम कदम उठाने जा रहा है। ऐसे में तेजी से आगे बढ़ रहे सुकूनदेह आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में कमी की संभावना भी उभरकर दिखाई दे रही है। निसंदेह रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दर घटाए जाने का एक खास कारण महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 12 दिसंबर को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई नवंबर, 2025 में 0.71 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। अक्टूबर में यह 0.25 फीसदी रही थी। इस वृद्धि के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य के नीचे रही। साथ ही, यह लगातार दूसरा महीना है, जब यह एक फीसदी से भी कम रही। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है।

वर्ष 2024-25 में देश में 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। भारत के आर्थिक परिदृश्य से संबंधित विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025 -26 में ग्रामीण भारत से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इन रिपोर्टों में यह बताया जा रहा है कि गांवों में खपत तेजी से बढ़ रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय जब अमेरिका और यूरोप सहित पूरी दुनिया के कई देशों में महंगाई आर्थिक-सामाजिक चिंता का कारण बन गई है, तब भारत पूरी दुनिया के लिए एक ऐसी नजीर बन गया है, जहां खुदरा महंगाई लगातार एक फीसदी से नीचे स्तर पर है और विकास लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इस समय भारत में महंगाई में तेज गिरावट से सस्ते कर्ज की राह आसान हुई है। इन दिनों भारत के विकास पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों



में कहा जा रहा है कि यद्यपि टैक्स व महंगाई घटने से अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और भारत की क्रेडिट रेटिंग सुधर रही है, लेकिन तेज विकास के मद्देनजर कर्ज सस्ता किए जाने की जरूरत लगातार बनी हुई है। 24 नवंबर को एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार के बड़े फैसले जैसे कि पहला टैक्स में कटौती और दूसरा मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित बढ़ोतरी को बढ़ावा मिलेगा। यह इकोनमी को तेजी से बढ़ाएगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा, 'जीएसटी की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है।' उल्लेखनीय है कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की मध्यवर्ती आर्थिक समीक्षा में कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने और महंगाई में कमी का लाभ भारत की अर्थव्यवस्था को मिला है, लेकिन अमेरिका की टैरिफ चुनौतियों सहित अन्य वैश्विक आर्थिक मुश्किलों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन बेहतर करने हेतु उद्योग-कारोबार को आर्थिक-वित्तीय सहारा जरूरी है। हाल ही में प्रकाशित विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है। अब भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा उद्योग-कारोबार के लिए आसान ब्याज दरों पर कर्ज जुटाकर निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत बताई गई है। निश्चित रूप से अब ब्याज दर घटाए जाने के कारण सस्ते कर्ज से आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश है। इस समय जब भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के दौर में चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है, तब सस्ता कर्ज उद्योग-कारोबार और सर्विस सेक्टर को नई शक्ति देगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद होगा। सस्ते कर्ज के आधार पर स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ सकेंगे। बैंक व वित्तीय संस्थाओं की स्थिरता भी बनी रहेगी। ईएमआई के घटने से ऋण लेने वाले सभी लोगों को लाभ मिलते हुए दिखाई देगें। घरों और वाहनों की मांग बढ़ेगी। मकानों की बिक्री में तेज गिरावट के कारण रियल स्टेट उद्योग की बढ़ी हुई मुश्किलें ब्याज दरों में कटौती से कम होते हुए दिखाई देंगी। उम्मीद करें आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा के द्वारा 9 दिसंबर को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उच्च बैंक अधिकारियों से ब्याज दर घटाने का जो आग्रह किया गया है, उसका परिपालन किया जाएगा और घटी हुई ब्याज दर से सभी वर्ग के बैंक ग्राहक लाभांवित होंगे। उम्मीद करें कि हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में महंगाई में कमी व बाजार की जरूरत के लिए मौद्रिक नीति को उदार बनाने और ब्याज दर में कटौती किए जाने के अहम फैसले से हर तरह के कर्ज सस्ते होंगे। इससे उद्योग-कारोबार की गतिशीलता बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा और अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

निगम चुनाव

उमेश चतुर्वेदी



# बेहतर प्रदर्शन से विस चुनावों में खुलेगी राह

केंद्रीय सत्ता पर ग्यारह वर्षों से लगातार काबिज भारतीय जनता पार्टी के लिए दक्षिण भारत के चार राज्य प्रश्न प्रदेश रहे हैं। कर्नाटक में उसकी सत्ता आती-जाती रही है। आंध्र प्रदेश में अकेले दम उसके सांसद और विधायक जीतते भी रहे हैं। तमिलनाडु में डीएमके और अन्नाद्रमुक के साथ दो बार चार सांसद लोकसभा पहुंचाने में भी कामयाब रहे, लेकिन उसके लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण केरल रहा है। लगता है कि अब दक्षिण के इस दुर्ग में भी अहम सेंध लगाने में राष्ट्रवादी पार्टी कामयाब हो चुकी है। वामपंथ के गढ़ राज्य की राजधानी तिरुअनंतपुरम् नगर निगम पर कब्जे के साथ भाजपा ने न सिर्फ इतिहास रच दिया है, बल्कि खुद की उम्मीदें भी बढ़ा दी हैं। केरल की 54 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है, करीब 19 प्रतिशत ईसाई हैं, जबकि बाकि आबादी मुसलमान है। जनसांख्यिकी आंकड़ों के लिहाज से केरल भारतीय जनता पार्टी के लिए मुफीद भूमि रहा है। यहां भारतीय जनता पार्टी अब तक बड़ी करामात नहीं दिखा पाई है। बेशक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यहां काफी सक्रिय है। फिर भी यहां की राजनीति दो ध्रुवीय रही है। एक तरह मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी-सीपीएम की अगुआई वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा है तो दूसरी तरफ कांग्रेस की अगुआई वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा। भाजपा यहां तीसरा कोण बनाने की कोशिश अरसे से करती रही है, लेकिन उसे पहली बार सफलता साल 2016 के विधानसभा चुनावों में मिली। तब पार्टी के वरिष्ठ नेता ओ राजगोपाल तिरुअनंतपुरम् सीट से चुने गए। तब पार्टी को करीब दस फीसद वोट मिला, लेकिन अगले यानी 2021 के चुनावों में पार्टी को मायूसी हाथ लगी। हालांकि वोट बढ़कर करीब बारह फीसद हो गए। 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी की उम्मीद जगी, जब लोकप्रिय मलयाली अभिनेता सुरेश गोपी त्रिशूर सीट से पार्टी के टिकट पर विजयी हुए। गोपी इन दिनों केंद्र सरकार में राज्य मंत्री का दायित्व निभा रहे हैं। बेशक पार्टी को केरल में लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक सीट मिली, लेकिन पार्टी की वोट हिस्सेदारी बढ़कर 16 हो गई। लोकतांत्रिक राजनीति में सोलह प्रतिशत वोट मामूली बात नहीं होती। कह सकते हैं कि इसके बाद ही पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ना शुरू हुआ। राज्य में बीजेपी की कमान राजीव चंद्रशेखर के हाथ है। केरल में हुए स्थानीय निकाय चुनावों के लिए उनकी अगुआई में पार्टी ने जमकर पसीना बहाया। इसका नतीजा राजधानी तिरुअनंतपुरम् नगर निगम पर पार्टी का तकरीबन कब्जे के रूप में सामने आया है। तिरुअनंतपुरम् नगर निगम में 101 वार्ड हैं, जिनमें से 50 पर पार्टी के पार्षद जीते हैं। पैंतालिस सालों से इस निगम पर जिस वाम मोर्चे का कब्जा रहा, उसे महज 29 सीटें मिलीं हैं, जबकि कांग्रेस की अगुआई वाले मोर्चे को 19 सीटें मिली हैं। बाकी दो सीटों पर निर्दलीयों ने बाजी मारी है। केरल की राजनीति की जिसे समझ है, उन्हें पता है कि यहां वाम मोर्चा और कांग्रेस साथ नहीं आ सकते। ऐसे में निर्दलीयों के समर्थन से बीजेपी का मेयर चुना जाना तकरीबन तय है। पार्टी ने कोझिकोड और कन्नूर जैसे वामपंथी गढ़ों में भी सेंध लगाने में कामयाब हुई है। यहां पार्टी ने क्रमशः 13 और 4 सीटें जीतीं हैं। पिछली बार पलक्कड़ नगर पालिका पर उसका कब्जा हुआ था और उस पर उसने अपना नियंत्रण बरकरार रखा है। साथ ही उसने त्रिपुनिथुरा नगर पालिका को भी वाम मोर्चे से छीन लिया है। हालांकि पिछली बार जीती पंडालम नगर पालिका को वाम मोर्चा ने उससे छीन लिया है। बीजेपी को इस बार कुल पंद्रह फीसद से ज्यादा मत मिले हैं, जबकि उसके साथी दलों का मत प्रतिशत मिला दिया जाए तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बीस फीसद वोट हासिल हुआ है। राज्य में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनावों के ठीक पहले राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों ने पार्टी को भारी जीत भले ही न दिलाई हो, लेकिन उत्साहजनक जरूर हैं। ये नतीजे पार्टी के लिए आने वाले दिनों की सफलताओं की बुनियाद हो सकते हैं। हालांकि कांग्रेस समर्थकों की ओर से तिरुअनंतपुरम् की जीत के लिए बीजेपी की बजाय कांग्रेस के नाराज चल रहे सांसद शशि थरूर को श्रेय दिया जा रहा है। अगले विधानसभा चुनावों में केरल में भाजपा भले ही बड़ी जीत ना हासिल कर सके, लेकिन वह महत्वपूर्ण उपस्थिति जरूर दर्ज कराएगी। इसका संकेत केरल के लोगों ने स्थानीय निकाय चुनावों में दे दिया है। बीजेपी इस बीच अगर नामदार चेहरे को अपने पाले में खींचने में कामयाब रहती है तो हो सकता है कि नतीजे और भी ज्यादा चौंकाऊ हों। निकाय चुनावों में चौंकाऊ कामयाबी ने भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा दिया है। विधानसभा चुनावों में नतीजे कैसे होंगे, यह तब देखने की बात होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप




संकलित

दर्शन

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

## धन कमाने के साथ भक्ति भी करें



संकलित

प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

अंतर्मन




आज की पाती

### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

हाल में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया। पहली बार यह दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं। - *अरूण दुबे, जगदलपुर*

करंट अफेयर

## हांगकांग में हुई लोकतंत्र की सबसे बड़ी पार्टी भंग

हांगकांग की सबसे बड़ी लोकतंत्र समर्थक पार्टी ने 30 से अधिक वर्षों की सक्रियता के बाद रविवार को भंग होने के लिए मतदान किया, जो चीनी अर्ध-स्वायत्त शहर के कभी विविध राजनीतिक परिदृश्य के एक युग के अंत का प्रतीक है। 'डेमोक्रेटिक पार्टी' के अध्यक्ष लो किन-हई ने कहा कि पार्टी को भंग करने के पक्ष में करीब 97 प्रतिशत सदस्यों ने मतदान किया और यही पार्टी सदस्यों के लिए आगे बढ़ने का सबसे बेहतर रास्ता है। उन्होंने कहा, "समय बदल गया है और अब हमें गहरे अफसोस के साथ इस अध्याय को समाप्त करना पड़ रहा है। लो ने पहले कहा था कि पार्टी को भंग करने की दिशा में बढ़ने का फैसला मौजूदा राजनीतिक स्थिति और सामाजिक परिवेश को देखते हुए लिया गया है। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि कुछ सदस्यों को चेतावनी दी गई थी कि अगर पार्टी को खत्म नहीं किया गया तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। पार्टी का यह अंत उन घटती स्वतंत्रताओं को दर्शाता है, जिनका वादा 1997 में पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश के चीन के शासन में लौटने के समय किया गया था। चीन ने एक साल पहले हुए सरकार-विरोधी व्यापक प्रदर्शनों के बाद जून 2020 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किया था।



ऑफ बीट

## औषधीय भांग का इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी

ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक लोगों को पहले से कहीं अधिक औषधीय भांग लेने का परामर्श दे रहे हैं। औषधीय भांग का मतलब कानूनी रूप से निर्धारित भांग उत्पादों से है। ये या तो पौधे ही होते हैं, या पौधे से निकाले गए प्राकृतिक तत्व होते हैं। टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) और कैनाबिडियोल (सीबीडी) जैसे तत्वों को कैनाबिनोइड्स कहा जाता है। कुछ कैनाबिनोइड्स प्रयोगशालाओं में भी बनाए जाते हैं और ये पौधे में मौजूद तत्वों की तरह काम करते हैं। औषधीय भांग विभिन्न रूपों में आती है, जैसे तेल, कैप्सूल, सूखे फूल (वाष्पीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले), स्प्रे और खाद्य रूप जैसे 'गमी' आदि। वर्ष 2016 में विनियामक परिवर्तनों के बाद से औषधीय भांग को अधिक सुलभ बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने 7,00,000 से अधिक अनुमोदन जारी किए हैं इनमें से लगभग आधे अनुमोदन ऐसे पुराने दर्द के लिए हैं जो कैंसर के कारण नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का पांच में से एक व्यक्ति क्रॉनिक दर्द (पुराने दर्द) से पीड़ित है जिसका लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।



ट्रेंड

### भाजपा कार्यकर्ताओं पर गर्व

मैं उन सभी मेहनती भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने जनता के बीच काम किया और तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शानदार परिणाम सुनिश्चित किया। हमारे कार्यकर्ता हमारी शक्ति हैं और हमें उन पर गर्व है!

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### बस्तर बदल रहा

बस्तर बदल रहा है! जो बस्तर आए दिन वामपंथी उग्रवाद की हिंसा, हत्या और की घटनाओं के कारण सुर्खियों में रहता था, वहाँ के युवा आज हथियार त्यागकर मुख्यधारा में लौट रहे हैं और अपनी प्रतिभा का हर क्षेत्र में लोहा मनवा रहे हैं। बस्तर ओलंपिक-2025 इस बदलाव का साक्षी है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री



### प्रदूषण के विरुद्ध लड़ाई

दिल्ली सरकार ने सुनिश्चित किया है कि प्रदूषण के विरुद्ध इस लड़ाई में संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी, लेकिन काम में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। एमसीडी को 70 एमआरएस मशीनें दी गई हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



### आरएसएस की विचारधारा

आरएसएस की विचारधारा हमारे देश को नहीं बचा सकती, उल्टा ये इस देश को खत्म कर देंगे। बीजेपी-आरएसएस के लोग संविधान को खत्म करने की कोशिश में लगे हुए हैं। बीजेपी-आरएसएस के लोग फिर से गरीबों को गुलाम बनाना चाहते हैं।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


# 10 साल की डेटिंग के बाद किया था प्रपोज



**नई दिल्ली।** 4 साल की उम्र में संगीत की साधना कर रही प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल आज सुरों की मल्लिका बन चुकी हैं। सिंगल बॉलीवुड में हिट सॉन्ग देने के साथ-साथ सिंगिंग रियलिटी शो में बतौर जज के तौर पर दिखती हैं। अब उन्होंने 'इंडियन आइडल' शो में अपनी लव स्टोरी के बारे में बात की और बताया कि कैसे उनके बचपन के दोस्त शिलादित्य मुखोपाध्याय ने उन्हें प्रपोज किया. 'इंडियन आइडल' के मंच पर रोमांस की बातों ने शो के माहौल को बदल दिया। शो में होस्ट आदित्य ने श्रेया से पूछा कि कैसे उन्हें शिलादित्य ने प्रपोज किया था। इसपर सिंगर ने कहा कि हम पहले से एक दूसरे को जानते थे और एक दिन उन्होंने तय किया कि आज मैं पूछता ही लेता हूं, लेकिन वो बहुत साधारण सवाल था, क्योंकि मेरा जवाब पहले ही 'हां' ही होने वाला था। फिर एक दिन हम लोग अपने दोस्त की शादी में गए और उन्होंने अचानक से शादी के लिए प्रपोज किया और मेरा जवाब वही था। उन्होंने कहा कि 'पता होने के बावजूद भी वो पल हमारे लिए बहुत खास था।'

# नौवें दिन 300 करोड़ पार हुई धुरंधर

## दूसरे शनिवार को ज्यादा कमाई का रिकार्ड बनाया



**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तूफान खड़ा कर दिया है, जिसने हाल के वर्षों के कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। रिलीज के नौवें दिन यानी दूसरे शनिवार को फिल्म ने जो कमाई की है, उससे बॉक्स ऑफिस हिल गया है। दरअसल 'धुरंधर' अब आधिकारिक तौर पर 300 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है और साल 2025 की सबसे बड़ी हिंदी फिल्मों में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'धुरंधर' ने शनिवार को 53.70 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इस रिकॉर्ड के साथ धुरंधर ने कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। दूसरे शनिवार को कमाई के मामले में ऐसा कारनामा पहले किसी भी हिंदी भाषा में रिलीज हुई फिल्म ने नहीं किया है। अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2, जिसने दूसरे शनिवार को करीब 46 करोड़ रुपए कमाए थे और विक्की कौशल की छावा, जो लगभग 44 करोड़ रुपए तक पहुंच पाई थी- दोनों ही अब इस रेस में पीछे रह गई हैं। इतना ही नहीं, एनिमल, जवान, गदर 2, स्त्री 2 और यहां तक कि बाहुबली 2 जैसी मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्मों के दूसरे शनिवार के कलेक्शन को भी धुरंधर ने पार कर लिया है।

# 'मैं तो आरती उतारूं' गाने से घर-घर छाई थीं उषा मंगेशकर

**नई दिल्ली।** 90 के दशक के बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक, एक गाना 'मैं तो आरती उतारूं संतोषी माता की' हमेशा लोगों की जुबान पर रहा है। यह टीवी पर भी खूब चला और कीर्तनों में भी इसने अपनी खास जगह बनाई, लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इतना मशहूर यह गाना आखिर गाया किसने था? ये गाना लता मंगेशकर ने नहीं, बल्कि उनकी छोटी बहन उषा मंगेशकर ने गाया था। बहन लता की तरह आवाज का जादू भगवान ने उषा मंगेशकर को भी दिया, जिसके बलबूते पर उन्होंने हिंदी, मराठी, बंगाली, भोजपुरी, नेपाली, कन्नड़ और असम की भाषा में कई गाने रिलीज किए।

***बहन का साथ देने के लिए गायन किया शुरू :*** 15 दिसंबर को जन्मीं उषा मंगेशकर ने भी बचपन से अपनी बहन लता को परिवार और कॅरियर बनाने के बीच मेहनत करते देखा और अपनी बहन का साथ देने के लिए उन्होंने भी गायन शुरू किया। जब



उषा मंगेशकर ने गाना शुरू किया था, उससे पहले ही लता अपना हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर चुकी थीं। पिता की मौत के बाद पहले कमाई के लिए गाना गाना शुरू किया था, लेकिन किसी को क्या पता था कि तीनों बहनें सिंगिंग में अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा लेंगी।

## बड़ी बहन लता के बहुत करीब थी

उषा अपनी बड़ी बहन लता के बहुत करीब थी और बचपन से लेकर बड़े होने तक उन्होंने हर परिस्थिति में उनका पूरा साथ दिया है। लता मंगेशकर के निधन के बाद उन्होंने ही अपनी दीदी की आत्मा को शांति देने के लिए वाराणसी में अस्थिकलश को गंगा में प्रवाहित किया था। उन्होंने कहा कि अब वे अकेली रह गई हैं और उनके लिए एक पल भी काटना मुश्किल हो रहा है। सिंगर ने कहा था कि वे हमेशा महसूस करती हैं कि दीदी उनके साथ ही हैं।

## फिल्मफेयर पुरस्कार मिला


साल 1953 में प्लेबैक सिंगर के रूप में कॅरियर की शुरुआत करने वाली उषा ने पहले कम बजट की फिल्मों में गायन किया, जिससे उनके करियर को बड़ा ब्रेक नहीं मिला। उन्होंने पहली बार 1954 में फिल्म 'सुबह का तारा' का !भाभी आई बड़ी धूम धाम से' गाना गाया था, लेकिन असल पहचान 1975 में आई फिल्म 'जय संतोषी मां' का गाना 'मैं तो आरती' गाकर मिली थी। ये गाना घर-घर प्रसिद्ध हुआ था। इस गाने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था, जिसके बाद उन्हें 'मंगता है तो आजा' और 'हमसे नजर तो मिलाओ' के लिए भी सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका के तौर पर नॉमिनेट किया गया।

## इन फिल्मों के गानों को दी आवाज

उन्होंने 1978 में आई फिल्म खट्टा मीठा, 1979 में आई तराना','काला पत्थर, 1980 में आई नसीब और खूबसूरत, और 1981 में आई डिस्को डांसर जैसी फिल्मों के गानों में अपनी आवाज दी। उषा ने अपनी बहन के साथ मिलकर भी डुएट भी गाए, जिसमें आया मौसम दोस्ती का, आशा का फूल, और सब जनता का है, जैसे हिट गाने मिलकर गाए।

# चार्ली चैपलिन से ली प्रेरणा, अधूरी मोहब्बत की आग में जले

*मुंबई। मासूम मुस्कान, नीली आंखें और शरीर की हरकतों में छुपा दर्द- राज कपूर सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक विचार थे। उन्होंने सिनेमा को मनोरंजन से आगे बढ़ाकर समाज का आईना बनाया, जिसमें गरीबी, बेरोजगारी, वर्गभेद और इंसानी अकेलापन साफ दिखाई देता था।*



## भारत के चार्ली चैपलिन कैसे बने?

राज कपूर को यूं ही 'भारत का चार्ली चैपलिन'नहीं कहा गया। बचपन से ही वो चार्ली चैपलिन की फिल्मों से गहराई से जुड़े हुए थे। जहां बाकी लोग उनकी फिल्मों पर हंसते थे, वहीं राज कपूर की आंखें नम हो जाया करती थीं। चैपलिन का वह किरदार— जिसका न कोई घर होता है, न कोई ठिकाना- राज कपूर को भीतर तक छू जाता था। यही वजह रही कि आगे चलकर आवारा, श्री 420 और मेरा नाम जोकर जैसे किरदारों में उन्होंने उसी ट्रैजिक-कॉमिक आत्मा को भारतीय संदर्भों में ढाल दिया।

## दुनियाभर में मशहूर थे

राज कपूर की लोकप्रियता भारत तक सीमित नहीं रही। सोवियत यूनियन में उनकी फिल्म आवारा ने इतिहास रच दिया। रूस में इस फिल्म ने करोड़ों टिकट बेचे और राज कपूर वहां किसी सुपरस्टार से कम नहीं थे। मॉस्को एयरपोर्ट पर जब प्रशंसकों ने उनकी टैक्सी को कंधों पर उठा लिया, तो यह सिर्फ एक अभिनेता का स्वागत नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा की जीत थी। चीन, तुर्की, मध्य-पूर्व और अफ्रीका तक 'आवारा हूं' की गूंज सुनाई देती थी। यहां तक कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी उनकी अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता की खुलेआम सराहना की थी।

## राज कपूर और नरगिस की प्रेम कहानी

राज कपूर और नरगिस की प्रेम कहानी हिंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत, लेकिन दर्दनाक कहानियों में गिनी जाती है। पर्दे पर उनकी जोड़ी जादू बिखेरती थी, लेकिन हकीकत में यह रिश्ता अधूरा रह गया। शादीशुदा होने के कारण राज कपूर वह फैसला नहीं ले सके, जिसका इंतजार नरगिस वर्षों तक करती रहीं। आखिरकार नरगिस की जिंदगी में सुनील दत्त आए और एक नई कहानी शुरू हुई। कहा जाता है कि नरगिस की ऊंची हील्स देखकर ही राज कपूर को एहसास हो गया था कि वह अब उनसे दूर जा चुकी हैं।



## निजी जिंदगी में काफी सरल थे

निजी जिंदगी में राज कपूर जितने सरल थे, उतने ही जटिल भी। बेटे रणधीर कपूर से जुड़ा एक किस्सा अक्सर याद किया जाता है, जब उन्होंने कहा था कि अगर वे बस में भी सफर करें, तो लोग बस यही कहेंगे कि राज कपूर बस में बैठे हैं। यह कथन उनके स्टारडम से ज्यादा उनके आत्मविश्वास और सादगी को दर्शाता है।

## एक फिल्म के लिए सब कुछ दांव पर लगाया

राज कपूर का असर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा। रणबीर कपूर का नाम भी उनके पूरे नाम रणबीर राज कपूर से लिया गया। वहीं, फिल्म संगम की पार्टी में हुआ एक थप्पड़ कांड, जिसमें लेखक इंदर राज आनंद का कॅरियर तबाह हो गया, इंडस्ट्री की सख्त और संवेदनशील सच्चाई को उजागर करता है। बतौर फिल्ममेकर राज कपूर पैसों से ज्यादा पैशन में विश्वास रखते थे। मेरा नाम जोकर के लिए उन्होंने सब कुछ दांव पर लगा दिया। सेट पर क्रू की देखभाल, खाने-पीने का इंतजाम और रियल लोकेशन्स पर शूट- ये सब उनकी कार्यशैली का हिस्सा था। 18-18 घंटे काम करना उनके लिए आम बात थी।

# कभी खुशी कभी गम के 24 साल पूरे होने का मनाया जश्न



**मुंबई।** काजोल अपने अभिनय के अलावा फैंस के बीच अपनी हाजिर जवाबी के लिए भी मशहूर हैं। रविवार को काजोल ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट साझा की। इसमें अपनी फिल्म 'कभी खुशी कभी गम'के 24 साल पूरे का जिक्र किया। फिल्म से जुड़ी अपनी एक फोटो शेयर की। साथ ही एक फनी कमेंट भी लिखा। इसमें वह यंग लड़कियों को एक खास सलाह भी दे रही हैं। काजोल लिखती हैं, 'सभी अंजलियों से कहना चाहती हूं, खुद पर प्राउड फील करो। खुलकर जीयो। राहुल (कभी खुशी कभी गम का लीड कैरेक्टर, जिसे शाहरुख ने निभाया था)' लेट हो सकता है, क्योंकि वह कहीं ट्रैफिक में फंसा होगा।' इस मैसेज के जरिए काजोल यंग लड़कियों को खुलकर जीने की सलाह दे रही है। काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह 'महारागिनी' में नजर आएंगी। इस साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखीं। साथ ही ट्विंकल खन्ना के साथ टॉक शो टू मच भी उन्होंने किया है।

# 6 साल बाद गर्लफ्रेंड संग अर्जुन ने की सगाई



मुंबई। अर्जुन रामपाल इन दिनों फिल्म 'धुरंधर' की कामयाबी की वजह से सुर्खियों में हैं। इसमें उन्होंने मेजर इकबाल का किरदार निभाया है। 5 दिसंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक 292 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। माना जा रहा है कि अर्जुन रामपाल ने हाल ही में लंबे समय से रही अपनी गर्लफ्रेंड के साथ सगाई की पुष्टि की है। वह पिछले छह वर्षों से गैब्रिएला डेमेट्रियड्स को डेट कर रहे हैं। रिया चक्रवर्ती ने एक वीडियो शेयर किया। यह वीडियो उनके पॉडकास्ट का है। इसमें अर्जुन रामपाल और उनकी गर्लफ्रेंड गैब्रिएला डेमेट्रियड्स नजर आईं। दोनों ने अपने प्यार, शादी और कई चीजों के बारे में बात की। वीडियो में गैब्रिएला डेमेट्रियड्स को कहते हुए सुना जा सकता है 'हमने अभी तक शादी नहीं की है, लेकिन कौन जानता है।'


डॉ. वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

# मेस्सी से मिलकर खुश हुए तैमूर-जेह



**मुंबई।** रविवार को मुंबई के एक इवेंट में इंटरनेशनल फुटबॉल प्लेयर लियोनल मैसी ने कई सेलेब्स से मुलाकात की। इसमें करीना कपूर का नाम भी शामिल है। करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर जो एक तस्वीर शेयर की है, उसमें बेटा तैमूर और जेह, लियोनल मैसी के नाम वाली टी-शर्ट पहने दिख रहे हैं। करीना ने दोनों बेटों का हाथ थामा हुआ है। इसके बाद करीना ने बेटों की मुलाकात लियोनल मैसी से करवाई। लियोनल मैसी मिलकर करीना के बेटे काफी खुश नजर आए। लियोनल मैसी इन दिनों इंडिया टूर पर है। करीना कपूर के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मेघना गुलजार की एक फिल्म कर रही हैं। मेघना गुलजार निर्देशित फिल्म 'दायरा' में करीना कपूर के साथ साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन भी लीड रोल में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला



# भाबीजी घर पर हैं 2.0 में शिल्पा ने अंगुरी के रोल में की वापसी

**नई दिल्ली।** लगभग एक दशक बाद शिल्पा शिंदे पॉपुलर सिटकॉम भाभीजी घर पर हैं।.. में अंगूरी भाभी के रोल में वापसी कर रही हैं। शिल्पा के जाने के बाद शुभांगी अत्रे ने पहले यह रोल किया था, लेकिन अब असली अंगूरी वापस आ गई हैं। इस बार वह भाभीजी घर पर हैं 2.0 में एक डरावना ट्विस्ट ला रही हैं। फैंस पहले से ही उनकी वापसी को पसंद कर रहे हैं। शनिवार को भाभीजी घर पर हैं के मेकर्स ने नए सीजन का टीजर जारी किया. ओरिजिनल शो पूरी तरह से कॉमेडी पर आधारित था, आने वाले सीजन के टीजर में एक अजीब ट्विस्ट दिखाया गया है। यह अंगूरी, तिवारी, विभूति और अनीता को घूंघटगंज नाम के एक अनजान गांव में ले जाता है। उनका ध्यान एक अजीब दिखने वाली मूर्ति पर जाता है जो उन्हें रुकने पर मजबूर कर देती है। एक डरावने पल में मूर्ति की साड़ी फिसलकर सीधे अंगूरी पर गिरती है, जो इस बात का संकेत देती है कि शो किस तरह का डरावना मोड़ लेने वाला है। पोस्ट पर कैप्शन में लिखा है, 'घूंघटगंज की गलियों से घूंघट उठाके, आ रही हैं असली से भी असली भाभीजी हंसी का तड़का लगाएं. सही पकड़े हैं!' फैंस ने कमेंट में शिल्पा की वापसी की सराहना की, वहीं कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने शुभांगी अत्रे के लिए अपना समर्थन भी व्यक्त किया. एक कमेंट में लिखा था, "अंगूरी के रूप में शुभांगी बेस्ट थीं.." एक अन्य ने लिखा, "हमारी अपनी ओजी अंगूरी भाभी वापस आ गई हैं - बहुत उत्साहित हूं!"

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी
छाती रोग
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास
डॉ. नमित नंदे

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी
डॉ. सुधा अग्रवाल चौधरी
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सिंघानिया स्किन केयर
Makeover
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953

डॉ. मनोज अग्रवाल
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### घरेलू तांबा उद्योग ने सस्ते आयात पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** उद्योग निकाय आईपीसीपीए ने कहा कि कई मुक्त व्यापार समझौतों के तहत तांबे के सस्ते आयात से भारतीय विनिर्माण को गंभीर रूप से नुकसान पहुंच रहा है। इसके साथ ही उसने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर सुरक्षा शुल्क लगाने और विदेशों से आने वाले आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध लागू करने की मांग की है।

### ईडी नए साल से पहले पुराने फेरा मामले निपटाएगी



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (फेरा) के तहत दर्ज मामलों को निपटाने का फैसला किया है। यह कानून 25 साल से अधिक पहले 1998 में खत्म कर दिया गया था। 1973 के आपराधिक प्रावधानों से युक्त फेरा कानून की जगह जून 2000 में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) ने लिया, जो एक दीवानी कानून है।

### बैंक एमएसएमई ऋण को बाहरी मानकों से जोड़े




**नई दिल्ली।** मौद्रिक नीति के संचरण में सुधार लाने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को एमएसएमई को दिए जाने वाले ऋणों को एक बाहरी मानक से जोड़ने की सलाह दी है। सरकार ने संसद को यह जानकारी दी है। बाहरी मानक प्रणाली के तहत ऋणों के पुनःनिर्धारण की अवधि को तीन महीने कर दिया गया है।

# मस्क की कंपनी स्पेसएक्स 2026 में लाने वाली है दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अगले साल अपना आईपीओ लाने जा रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। कंपनी ने हाल ही में अपने इनसाइडर शेयर सेल को भी मंजूरी दी है, जिससे इसके अगले साल तक आईपीओ लाने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस इनसाइडर शेयर ट्रेडिंग के चलते कंपनी की वैल्यूएशन अब बढ़कर 800 बिलियन डॉलर हो गया है। कंपनी के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) ब्रेट जॉनसन ने मेमो भेजकर शेयरहोल्डर्स को इसकी जानकारी दी है।

- स्पेसएक्स 2.56 बिलियन डॉलर के शेयर वापस खरीदने की योजना बना रही

## कंपनी का वैल्यूएशन अब बढ़कर हुआ 800 बिलियन डॉलर

### क्या भारतीयों को मिलेगा दांव लगाने का मौका?

*इसका जवाब है हां। भारतीय निवासी आरबीआई की लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम के तहत इस अमेरिकी आईपीओ में इन्वेस्ट कर सकते हैं, जिसके तहत हर साल 250,000 डॉलर तक विदेश में इन्वेस्टमेंट के लिए भेजे जा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले आपको एक ब्रोकर चुनना होगा। किसी ऐसे इंडियन प्लेटफॉर्म के साथ ग्लोबल ट्रेडिंग अकाउंट खोलें, जो यूएस इन्वेस्टिंग ऑफर करता हो या सीधे यूएस ब्रोकर के साथ आईपीओ एक्सेस देता हो। सभी ब्रोकर आईपीओ एप्लीकेशन की अनुमति नहीं देते हैं इसलिए इसे पहले से चेक करना होगा।*




*वैल्यूएशन 1 ट्रिलियन डॉलर पार कर सकता है : यह प्रॉसेस कंपनी को आईपीओ लाने के लिए तैयार करती है, जिससे बड़ी मात्रा में फंड इकट्ठा किया जा सके। स्पेसएक्स भी आईपीओ से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल स्टारशिप और स्टारलिंक के प्रोजेक्ट्स की फंडिंग के लिए कर सकती है। इसी सेकेंडरी ऑफरिंग के बाद स्पेसएक्स की वैल्यूएशन बढ़कर 800 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है और अगर आईपीओ लांच हो गया, तो वैल्यूएशन 1 ट्रिलियन डॉलर को भी पार कर सकती है।*

### पब्लिक ऑफरिंग से जुटाई जाएगी राशि

न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार, जॉनसन ने लेटर में कहा, 'यह असल में होगा या नहीं, कब होगा और किस वैल्यूएशन पर होगा, यह अभी भी बहुत अनिश्चित है, लेकिन प्लानिंग यही है कि अगर हम सही तरीके से काम करते हैं और मार्केट भी साथ देता है, तो पब्लिक ऑफरिंग से काफी पूंजी जुटाई जा सकती है।'

### ब्रेट ने लेटर में और क्या कहा?

रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी लेटेस्ट सेकेंडरी ऑफरिंग में इनसाइडर्स को 421 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से शेयर दे रही है क्योंकि इसका प्लान संभावित रूप से 2026 में आईपीओ लांच करने का है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया कि सीएफओ ब्रेट जॉनसन के भेजे गए लेटर में बताया गया कि कंपनी शेयरहोल्डर्स से 421 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से 2.56 बिलियन डॉलर के शेयर वापस खरीदने की योजना बना रही है।

### क्या होता है सेकेंडरी ऑफरिंग?

यह एक प्रॉसेस है, जिसके जरिए कंपनियां आमतौर पर आईपीओ से पहले कर्मचारी या शुरुआती निवेशकों को अपने हिस्से का शेयर बेचने का मौका देती है। स्पेसएक्स ने भी हाल ही में ऐसा किया। स्पेसएक्स साल में दो बार बायबैक कर शेयरहोल्डर्स से पूंजी जुटाती है और शेयरधारकों को भी अपनी होल्डिंग्स से नकदी निकालने का मौका मिल जाता है।

## तेल और गैस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने में होगी आसानी

# पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस क्षेत्र के नए नियम अधिसूचित, एक ही पट्टे पर होंगे सभी काम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया है। जिससे तेल एवं गैस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने और कारोबारी सुगमता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक नियामकीय ढांचा लागू हो गया है।

यह कदम हाल ही में पारित तेलक्षेत्र (नियमन एवं विकास) संशोधन अधिनियम, 2025 के तहत उठाया गया है। नए नियम कई लाइसेंसों की जरूरत वाली पुरानी प्रणाली को हटाकर एकल पेट्रोलियम पट्टा व्यवस्था लेकर आए हैं। इसके दायरे में शेल समेत सभी हाइड्रोकार्बन उत्पादों के अन्वेषण, विकास और उत्पादन को रखा गया है। पट्टे की अवधि अधिकतम 30 वर्ष तक होगी और इसे तेल-क्षेत्र के पूरे आर्थिक जीवनकाल तक बढ़ाया जा सकेगा।

### आपराधिक दंड का प्रावधान हटा अब अर्थदंड

उल्लंघन पर आपराधिक दंड के प्रावधान हटा दिए गए हैं और उनके स्थान पर 25 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है जबकि बार-बार उल्लंघन पर 10 लाख रुपये रोजाना का जुर्माना लगेगा। इसके अलावा, परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए पट्टाधारक को बुनियादी ढांचा साझा करने की छूट भी होगी।

- कारोबारी सुगमता के लिए नियामकीय ढांचा लागू
- यह कदम तेलक्षेत्र संशोधन अधिनियम 2025 के तहत उठाया गया
- पट्टे की अवधि अधिकतम 30 वर्ष तक होगी

### आवेदनों का निपटारा 180 दिनों में करना होगा

*पर्यावरणीय प्रावधानों के तहत अतिरिक्त गैस को जलाकर छोड़ने की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी के लिए समयबद्ध योजना बनाना अनिवार्य किया गया है। पेट्रोलियम पट्टे के लिए आवेदनों का निपटारा अब 180 दिनों में किया जाएगा जबकि विवादों का निपटारा त्वरित व्यवस्था और विदेशी निवेशकों के लिए तटस्थ मध्यस्थता स्थल के माध्यम से किया जा सकेगा।*



### व्यवसाय संचालन में आसानी होगी

*पेट्रोलियम उद्योग सुरक्षा निदेशालय को समुद्री क्षेत्र में होने वाले तेल एवं गैस उत्खनन की सुरक्षा, ऑडिट और मानक निर्धारण के लिए सक्षम प्राधिकरण घोषित किया गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नए नियम जारी होने को ''ऐतिहासिक'' बताते हुए कहा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 2025 ने व्यवसाय और संचालन में आसानी प्रदान की है।*

*वार्षिक रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी : अब पट्टाधारक एक ही पट्टे के तहत खनिज तेल से जुड़ी सभी गतिविधियां संचालित कर सकते हैं और कार्बन-कटौती एवं समग्र ऊर्जा परियोजनाओं को लागू कर सकते हैं। पट्टाधारक को अपनी ढांचागत क्षमता की वार्षिक रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी और नियमों के तहत उन्हें सहमति से संयुक्त रूप से सुविधाएं विकसित या साझा करने की अनुमति दी गई है।*

### गरीब उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिलेगाः वेदांता

वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने इस पर कहा, /''यह नियम भारत के तेल एवं गैस क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार है। अब दुनिया भारत की विशाल अप्रयुक्त हाइड्रोकार्बन क्षमता को वास्तविक निवेश और उत्पादन में बदलते हुए देख सकती है। इससे घरेलू उत्पादन बढ़ेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी, जिससे सबसे गरीब उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिलेगा।/''

### 50 फीसदी ऊर्जा की घरेलू आपूर्ति होगी सुनिश्चित

अग्रवाल ने कहा कि नए नियमों के लागू होने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा और स्वदेशी उत्पादन में बड़ा बदलाव आने की संभावना है और देश कम-से-कम 50 प्रतिशत ऊर्जा की घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित कर सकेगा।

# दो साल में योनो ऐप के उपयोगकर्ता हुए दोगुना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- एसबीआई के चेयरमैन ने कहा, 20 करोड़ करने का लक्ष्य
- सभी विशेषताएं 6–8 महीनों में चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाएंगी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस सेठी ने कहा कि बैंक सोमवार को योनो ऐप का नया संस्करण पेश करने के साथ अगले दो वर्षों में इसके उपयोगकर्ता आधार को दोगुना कर 20 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

सेठी ने बताया कि 'योनो 2.0' एक बड़ा अपग्रेड है, जो ग्राहकों को बेहतर अनुभव देगा और बैंक के लिए एक मजबूत डिजिटल मंच उपलब्ध कराएगा। इसकी सभी विशेषताएं 6–8 महीनों में चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाएंगी।

चेयरमैन ने कहा, ''बैंक के नजरिए से योनो 2.0 डिजिटलीकरण का एक अहम आधार है, जिसमें इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के लिए एक समान कोड है। इससे सभी चैनलों में निर्बाध एकीकरण संभव हुआ है और एसबीआई को नए उत्पाद तेजी से पेश करने में मदद मिलेगी। बैंक योनो 2.0 का उपयोग अपनी डिजिटल मौजूदगी और ग्राहक जुड़ाव बढ़ाने के लिए करना चाहता है। सेठी ने उदाहरण देते हुए कहा कि योनो 2.0 में खाता खोलने या किसी भी अन्य लेनदेन के दौरान इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और शाखा चैनलों पर एक समान और निर्बाध अनुभव सुनिश्चित होगा।

**रेपो रेट में 0.25 फीसदी कटौती**
सेठी ने दिसंबर की मौद्रिक नीति में आरबीआई द्वारा रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती के बावजूद तीन प्रतिशत शुद्ध ब्याज मार्जिन के लक्ष्य को हासिल करने को लेकर भरोसा जताया।

### ऋण वृद्धि को आगे बढ़ाने इक्विटी पूंजी की जरूरत नहीं

बैंक ने सभी अवधियों के लिए सीमांत लागत-आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) में भी 0.5 प्रतिशत की कटौती की है। एसबीआई चेयरमैन ने यह भी कहा कि बैंक को अगले 5–6 वर्षों में ऋण वृद्धि को आगे बढ़ाने और 15 प्रतिशत की पूंजी पर्याप्तता अनुपात बनाए रखने के लिए इक्विटी पूंजी की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# भारत एआई क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी क्षमताओं में तीसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के 'ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल' की हालिया रिपोर्ट में भारत ने कृत्रिम मेधा (एआई) में विश्व की प्रतिस्पर्धी क्षमताओं के मामले में तीसरा स्थान हासिल किया है।

'ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल' शोध एवं विकास, प्रतिभा, अवसंरचना सहित सात प्रमुख क्षेत्रों में हुई प्रगति का आकलन करता है। नवंबर में जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने चार स्थान की छलांग लगाई है और कृत्रिम मेधा में प्रतिस्पर्धी क्षमता के मामले में ब्रिटेन के साथ-साथ एशिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और जापान को पीछे छोड़ दिया है। वर्ष 2024 के 'ग्लोबल वाइब्रेंसी' सूचकांक में भारत 21.59 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इसके बाद दक्षिण कोरिया (17.24 अंक) और ब्रिटेन (16.64 अंक) का स्थान है। भारत 2023 में सातवें स्थान पर था जबकि ब्रिटेन छठे से पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।




- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी का ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल आकलन जारी
- रिपोर्ट के अनुसार भारत ने चार स्थान की लगाई छलांग

रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों ने वैश्विक कृत्रिम मेधा व्यवस्था में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए हाल के वर्षों में कई प्रमुख योजनाओं को दोबारा सक्रिय किया है।

# कमजोर रुपए से जनवरी में टीवी हो सकते हैं महंगे

- रुपए के मूल्य ने पहली बार 90 प्रति डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मेमोरी चिप की बढ़ती लागत और रुपये के अवमूल्यन के कारण अगले साल जनवरी से टेलीविजन की कीमतों में तीन से चार प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। रुपये का मूल्य हाल ही में पहली बार 90 प्रति डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। रुपये में गिरावट ने उद्योग को असुरक्षित स्थिति में डाल दिया है, क्योंकि एक एलईडी टीवी में घरेलू मूल्य संवर्धन केवल लगभग 30 प्रतिशत है और मुख्य घटक जैसे ओपन सेल, सेमीकंडक्टर चिप और मदरबोर्ड आयात किए जाते हैं।

### एचबीएम की भारी मांग से वैश्विक स्तर पर कमी

इसके अलावा यह समस्या मेमोरी चिप संकट से भी जुड़ी हुई है, जहां एआई सर्वरों के लिए हाई-बैंडविड्थ मेमोरी (एचबीएम) की भारी मांग के कारण वैश्विक स्तर पर गंभीर कमी हो गई है, जिससे सभी प्रकार की मेमोरी (डीआरएएम, फ्लैश) की कीमतें आसमान छू रही हैं।

**कंपनियों का ध्यान उच्च लाभ वाले एआई चिप पर :** चिप विनिर्माता कंपनियां उच्च लाभ वाले एआई चिप पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, जिससे टीवी जैसे पारंपरिक उपकरणों के लिए आपूर्ति कम हो रही है। हायर अप्लायंसेज इंडिया के अध्यक्ष एन एस सतीश ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मेमोरी चिप की कमी और कमजोर रुपये के कारण एलईडी टीवी सेटों की कीमतों में तीन प्रतिशत की वृद्धि होगी।



### मेमोरी चिप संकट कायम

एसपीपीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अवनीत सिंह मारवाह के अनुसार, मेमोरी चिप संकट और रुपये के अवमूल्यन के प्रभाव के कारण जनवरी से टेलीविजन की कीमतों में सात से 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

**तीन माह से मेमोरी चिप की कीमतों में 500 फीसदी वृद्धि :** कुछ टीवी विनिर्माताओं ने कीमतों में संभावित वृद्धि के बारे में अपने डीलरों को पहले ही सूचित कर दिया है। थॉमसन, कोडक और ब्लाउपुंक्ट सहित कई वैश्विक ब्रांडों के लाइसेंस रखने वाली टीवी विनिर्माता कंपनी सुपर प्लास्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (एसपीपीएल) ने कहा, ''पिछले तीन महीनों में मेमोरी चिप की कीमतों में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।'

# भारत में ईवी वाहनों की बैटरी मांग 256.3 गीगावॉट होगी

**नई दिल्ली।** भारत के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी बाजार की मांग 2025 के 17.7 गीगावाट से कई गुना बढ़कर 2032 तक 256.3 गीगावाट हो जाएगी। कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशंस (सीईएस) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में विद्युतीकरण की दिशा में हो रहे प्रयासों के कारण यह तीव्र वृद्धि हो रही है। ईंधन की बढ़ती कीमतें, उपभोक्ताओं की मजबूत मांग, तेजी से नए मॉडल की पेशकश और सशक्त नीतिगत समर्थन, ये सभी कारक मिलकर एक अद्वितीय वृद्धि का माहौल बना रहे हैं। '2025 ईवी बैटरी टेक्नोलॉजी रिव्यू रिपोर्ट'' के अनुसार, अगले सात वर्ष में 35 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि की उम्मीद है जो देश के मोटर वाहन क्षेत्र में एक बड़े बदलाव का संकेत है।



**C.G. Rajya Beej Evam Krishi Vikas Nigam Ltd., Telibandha, G.E. Road**
**Phone No.- 0771-4212203/15/12/24 Website http://agriportal.cg.nic.in/beejni**

**// NOTICE FOR INVITING TENDER //**

**S.NO./HO./BKVN/Tender / 2025-26/ 7784** **Date - 12/12/2025**

Online Tender are invited for supply of following items for the year 2025-26 onwards as per terms & condition mentioned in Tender document.

| S.N. | Name of Items | Opening date | Last date | E.M.D. (online) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बीज प्रक्रिया केन्द्र गरियाबंद परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 17200.00 |
| 2 | बीज प्रक्रिया केन्द्र मरौद परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 12500.00 |
| 3 | बीज प्रक्रिया केन्द्र कलारतराई परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 14800.00 |
| 4 | बीज प्रक्रिया केन्द्र बसना परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 17600.00 |
| 5 | बीज प्रक्रिया केन्द्र सरायपाली परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 11300.00 |
| 6 | बीज प्रक्रिया केन्द्र लभराखुर्द परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 20000.00 |
| 7 | बीज प्रक्रिया केन्द्र रूआबांधा परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 18800.00 |
| 8 | बीज प्रक्रिया केन्द्र राजनांदगांव परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 20700.00 |
| 9 | बीज प्रक्रिया केन्द्र शिवपुरी परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 13500.00 |
| 10 | बीज प्रक्रिया केन्द्र घोटिया परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 19000.00 |
| 11 | बीज प्रक्रिया केन्द्र धरमपुरा परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 11200.00 |
| 12 | बीज प्रक्रिया केन्द्र लखनपुर परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 13800.00 |
| 13 | बीज प्रक्रिया केन्द्र मोहगांव परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 20400.00 |
| 14 | बीज प्रक्रिया केन्द्र गीदम परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 30000.00 |
| 15 | बीज प्रक्रिया केन्द्र छेरकापुर परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 13.01.2026 | 21200.00 |
| 16 | बीज प्रक्रिया केन्द्र कुनकुरी परिवहन कार्य | 15.12.2025 | 04.01.2026 | 3600.00 |
| 17 | बीज प्रक्रिया केन्द्र कोण्डागांव परिवहन कार्य (द्वितीय प्रकाशन) | 15.12.2025 | 28.12.2025 | 6600.00 |

Tender documents and other details can be seen and downloaded from Website |https://eproc.cgstate.gov.in/and should be submitted online before the due date as per scheduled time mentioned in Tender document. Received offers will be opend on scheduled date in the presence of offerers or their represntative who wishes to be present. The document Price is Rs. 7080.00 and Earnest Money is to be Deposited online on or before due date as mention in Tender documents.

Note:- For any assistance please contact our serivce provider- M-Junction Services Limited

S-46224/1 **Managing Director**

# महंगाई के आंकड़े तय करेंगे घरेलू शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई के आंकड़े, विदेशी निवेशकों के रुख और वैश्विक संकेतों से तय होगी। इसके अलावा, निवेशकों की नजर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी। बाजारों में पिछले सप्ताह उतार-चढ़ाव रहा और वे नकारात्मक दायरे में बंद हुए। बीते सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 444.71 अंक यानी 0.51 प्रतिशत गिरा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह घरेलू स्तर पर कई आंकड़े आने हैं, जिसमें थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई और व्यापार संतुलन के आंकड़े प्रमुख हैं। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं से जुड़े घटनाक्रम पर भी नजर रहेगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बाजारों का प्रदर्शन और वहां से आने वाले व्यापक आर्थिक संकेत निकट अवधि में निवेशकों की भावना को प्रभावित करेंगे। इस महीने के पहले दो हफ्तों में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों से 17,955 करोड़ रुपये निकाले हैं, जिससे 2025 में अब तक कुल निकासी बढ़कर 1.6 लाख करोड़ रुपये हो गई है।




- विदेशी निवेशक व वैश्विक रुझान की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका

### बाजार सीमित दायरे में रहेगा

मिश्रा ने कहा कि विदेशी कोषों की लगातार निकासी और रुपये में तेज गिरावट ने निवेशकों के भरोसे पर भारी दबाव डाला है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में संपत्ति प्रबंधन के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, कुल मिलाकर हमें उम्मीद है कि बाजार सीमित दायरे में रहेंगे, हालांकि व्यापक सूचकांकों में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा।

**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्**
**(भारत सरकार का सांविधिक निकाय)**
**नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070**
**फोन नंबरः 011-29581000/1050, वेबसाइटः www.aicte.gov.in**

**सार्वजनिक सूचना**

**विषयः किसी संस्थान के अभातशिप द्वारा अनुमोदन की स्थिति का सत्यापन।**

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (अभातशिप), भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक संवैधानिक निकाय है, जिसकी स्थापना संसद के एक अधिनियम (1987 का अधिनियम 52) द्वारा की गई थी। सभी संस्थानों के लिए कोई भी तकनीकी कार्यक्रम संचालित करने से पूर्व अभातशिप से पूर्व-अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य है।

यह देखा गया है कि अभिभावकों, छात्रों और अन्य हितधारकों को अक्सर संस्थानों की अभातशिप द्वारा प्रदान किए गए अनुमोदन, की स्थिति की पुष्टि करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए, हितधारकों को सलाह दी जाती है कि वे सीधे अभातशिप की वेबसाइट www.aicte.gov.in के माध्यम से संस्थान के अनुमोदन की स्थिति के विवरण का सत्यापन करें।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि अभातशिप अधिनियम, 1987 के अनुसार, और भारतीदासन विश्वविद्यालय बनाम अभातशिप मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 24 सितंबर, 2001 के निर्णय के अनुसार, विश्वविद्यालयों को तकनीकी कार्यक्रम संचालित करने के लिए अभातशिप का पूर्व-अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। तथापि, विश्वविद्यालयों से संबद्धता प्राप्त तकनीकी संस्थानों, मानित विश्वविद्यालय संस्थानों और पीजीडीएम कार्यक्रम संचालित करने वाले संस्थानों द्वारा यह अनुमोदन प्राप्त किया जाना अपेक्षित है।

अभातशिप द्वारा विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर गैर-अनुमोदित संस्थानों की एक सूची तैयार की गई है जो अभातशिप की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

जिन संस्थानों को गैर-अनुमोदित पाठ्यक्रम संचालित करते हुए पाया जाता है, उन्हें नियमित रूप से सार्वजनिक सूचना और व्यक्तिगत संचार के माध्यम से संबंधित राज्य सरकारों को सूचित करते हुए, यह निदेश दिया जाता है कि वे या तो अभातशिप से अनुमोदन प्राप्त करें अथवा ऐसे कार्यक्रम का संचालन बंद कर दें। राज्य सरकारों को ऐसे दोषी संस्थानों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की भी सलाह दी जाती है। विस्तृत सार्वजनिक सूचना के लिए कृपया अभातशिप की वेबसाइट www.aicte.gov.in देखें।

यह सार्वजनिक सूचना जन-साधारण एवं सभी हितधारकों के हित में उनकी जानकारी के लिए जारी की जा रही है।

**विज्ञापन संख्याः**
विनियमन ब्यूरो/अभातशिप / 12 (01)/2025
**CBC 21300/12/0011/2526**

**(प्रो. श्यामा रथ)**
**सदस्य सचिव**

## तीसरा टी 20 : भारतीय गेंदबाजों का जलवा, साउथ अफ्रीका महज 117 रन पर सिमटी, सीरीज में 2-1 से बढ़त

# भारत की दमदार वापसी, दक्षिण अफ्रीका को 7 विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अभिषेक शर्मा (18 गेंद में 35 रन) की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को 25 गेंद शेष रहते 7 विकेट से हराकर 2-1 से बढ़त कायम कर ली। कप्तान एडेन मारक्रम की 46 गेंद में 61 रन की पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम 117 रन पर आउट हो गई। भारत ने 15.5 ओवर में ही तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक शर्मा ने तीन छक्के और इतने ही चौके लगाने के अलावा और शुभमन गिल (28 गेंद में 28 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 32 गेंद में 60 रन की साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआती दिलाकर जीत की राह आसान कर दी। गिल ने पारी की शुरुआत में कुछ अच्छे शॉट लगाए लेकिन तेजी से रन बनाने के लिए जूझते दिखे। वह हालांकि क्रीज पर कुछ समय बिताने में सफल रहे। तिलक वर्मा (34 गेंद में नाबाद 26) भी तेजी से रन नहीं बना पाए तो वही कप्तान सूर्यकुमार यादव (11 गेंद में 12 रन) एक बार फिर निराश किया। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और कोर्बिन बोश ने एक-एक विकेट लिए।

- **शेष दो मुकाबले लखनऊ और अहमदाबाद में 17 और 19 दिसंबर को**
- **अभिषेक और शुभमन ने की पहले विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी**



### दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी नाकाम

दक्षिण अफ्रीका के लिए मारक्रम ने छह चौके और दो छक्के जड़े। उनके अलावा डोनोवन फरेरा (20) और एनरिक नोर्किया (12) ने ही दहाई के आंकड़े में रन बनाए। अर्शदीप ने चार ओवर में 13 रन देकर दो जबकि चक्रवर्ती ने इतने ही ओवर में 11 रन देकर दो सफलता हासिल की। राणा ने 34 रन पर दो जबकि कुलदीप ने दो ओवर में 12 रन पर दो विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे भी एक-एक सफलता हासिल की।

### अभिषेक ने खेली आक्रामक पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक ने पहली गेंद पर ही लुंगी एनगिडी के खिलाफ छक्का जड़ अपने तेवर दिखाए। गिल ने भी एनगिडी और यानसन के खिलाफ चौके लगाने के बाद ओटनील बार्टमैन के ओवर में दो चौके के साथ आत्मविश्वास हासिल किया। अभिषेक ने इस गेंदबाज के अगले ओवर में छक्का और चौका जड़ा, जिससे भारत ने पांच ओवर में 60 रन बना लिए। कोर्बिन बोश की गेंद पर मारक्रम ने शानदार कैच के साथ अभिषेक की आक्रामक पारी का अंत किया। तिलक वर्मा ने क्रीज पर आते ही दो चौके जड़ हाथ खोले। लक्ष्य छोटा होने के बावजूद गिल और तिलक को दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने थोड़ा परेशान किया और आसानी से रन बनाने का मौका नहीं दिया।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक पगबाधा राणा | 01 | 3 | 0 | 0 |
| हेंड्रिक्स पगबाधा अर्शदीप | 00 | 3 | 0 | 0 |
| मारक्रम का जितेश बो अर्शदीप | 61 | 46 | 6 | 2 |
| डेवाल्ड ब्रेविश बो राणा | 2 | 7 | 0 | 0 |
| स्टब्स का जितेश बो पंड्या | 09 | 13 | 0 | 0 |
| कोर्बिन बोश बो दुबे | 04 | 9 | 0 | 0 |
| फरेरा बो चक्रवर्ती | 20 | 15 | 1 | 1 |
| यानसन बो चक्रवर्ती | 02 | 7 | 0 | 0 |
| नॉर्किया स्टं जितेश बो कुलदीप | 12 | 12 | 0 | 1 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 02 | 3 | 0 | 0 |
| बार्टमैन का सूर्यकुमार बो कुलदीप | 01 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 03
**कुल योग:** 20 ओवर में सभी आउट: 117 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-13-2, राणा 4-0-34-2, हार्दिक 3-0-23-1, चक्रवर्ती 4-0-11-2, दुबे 3-0-21-1, कुलदीप 2-0-12-2

| भारत पारी: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का मारक्रम बो बोश | 35 | 18 | 3 | 3 |
| शुभमन गिल बो यानसन | 28 | 28 | 5 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 26 | 34 | 3 | 0 |
| यादव का बार्टमैन बो एनगिडी | 12 | 11 | 2 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 10 | 4 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त:** 10
**कुल योग:** 15.5 ओवर में तीन विकेट पर: 120 रन
गेंदबाजी: एनगिडी 3-0-23-1, यानसन 3-0-24-1, बार्टमैन 3.5-0-34-0, बोश 3-0-18-1, नोर्किया 3-0-14-0

### पंड्या ने रचा इतिहास

हार्दिक पंड्या ने जैसे ही स्टब्स को आउट किया उन्होंने टी20आई में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए। वो अब टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में दुनिया के पहले तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर बन गए हैं, जिन्होंने 1000 से ज्यादा रन बनाए हैं और 100 विकेट लिए हैं। इसके अलावा हार्दिक टी20आई में भारत की तरफ से 1000 से ज्यादा रन और 100 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर बने। वैसे ओवरऑल वो ऐसा करने वाले दुनिया के चौथे खिलाड़ी बन गए। हार्दिक से पहले टी20आई में ऐसा करने वाले खिलाड़ी वीरन दीप सिंह, शाकिब अल हसन, सिकंदर रजा और मोहम्मद नबी हैं, लेकिन ये सभी स्पिन ऑलराउंडर हैं।

### अर्शदीप ने भुवनेश्वर को छोड़ा पीछे

साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में अर्शदीप सिंह ने पावरप्ले के दौरान 3 ओवर में 9 रन देकर एक विकेट लिया। ये विकेट उन्होंने रीजा हेंड्रिक्स का लिया और इस विकेट के साथ ही वो अब टी20आई में पावरप्ले में यानी 1 से 6 ओवर के बीच सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए। अर्शदीप ने अब तक पावरप्ले में कुल 48 विकेट लिए हैं जबकि भुवनेश्वर कुमार ने कुल 47 विकेट लिए थे।

### पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर्स

48 विकेट – अर्शदीप सिंह
47 विकेट – भुवनेश्वर कुमार
33 विकेट – जसप्रीत बुमराह
21 विकेट – अक्षर पटेल
21 विकेट – वाशिंगटन सुंदर
19 विकेट – आशीष नेहरा

### भारतीय टीम में 2 बदलाव

भारतीय टीम ने तीसरे टी-20 के लिए अपनी टीम में 2 बदलाव किए। कुलदीप यादव और हर्षित राणा को टीम में मौका मिला। बीसीसीआई ने अपडेट देते हुए कहा, /"अक्षर बीमारी की वजह से तीसरे टी-20 के लिए उपलब्ध नहीं हैं। बुमराह निजी कारणों से घर लौट गए हैं और मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। बाकी मैचों के लिए उनके टीम में शामिल होने के बारे में जल्द ही अपडेट दिया जाएगा।

### चक्रवर्ती के टी-20 में 50 विकेट पूरे

स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 50 विकेट पूरे किए। उन्होंने यह उपलब्धि धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में हासिल की। विपक्षी टीम के डोनोवन फरेरा उनके 50वें शिकार बने। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरे सबसे तेज ये आंकड़ा छूने वाले भारतीय गेंदबाज बने। चक्रवर्ती ने अपने 32वें मैच में 50 विकेट पूरे किए। उन्होंने अर्शदीप सिंह और रवि बिश्नोई को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने यह उपलब्धि 33 टी-20 में हासिल की थी। चक्रवर्ती अब सिर्फ स्पिनर कुलदीप यादव से पीछे हैं, जिन्होंने 50 टी-20 विकेट लेने के लिए 30 मैच लिए थे।

## खबर संक्षेप

### सचिन ने मेस्सी को गिफ्ट की 2011 वर्ल्ड कप की जर्सी




**मुंबई।** लियोनल मेस्सी फिलहाल भारत दौरे पर हैं। मेस्सी का गोट इंडिया टूर चल रहा है और वो इसके लिए मुंबई पहुंचे। अर्जेंटीना के फुटबॉल टीम के कप्तान का इस दौरान मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में जोरदार स्वागत हुआ। हाई प्रोफाइल इवेंट में पूरा स्टेडियम फैंस से खचाखाच भरा था। इस दौरान सचिन ने मेस्सी को अपनी वर्ल्ड कप 2011 की जर्सी गिफ्ट की। वहीं मेस्सी ने फीफा वर्ल्ड कप की बॉल थी, जो उन्होंने साल 2022 में जीती थी। तेंदुलकर ने कहा कि, मैंने यहां कुछ अविश्वसनीय पल बिताए हैं। जैसा कि हम कहते हैं, मुंबई सपनों का शहर है।

### 22 हजार वाले क्लब में शामिल हो सकते हैं रूट

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने एशेज टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में शानदार शतक लगाया था। इस बीच जो रूट के पास इंटरनेशनल क्रिकेट में 22 हजार रन पूरा करने का मौका होगा। ऐसा करने के लिए उन्हें तीसरे टेस्ट मैच में एक बड़ी पारी खेलनी होगी। जो रूट ने अभी तक तीनों फॉर्मेट को मिलाकर 378 मैच खेले हैं। वहां उन्होंने 497 पारियों में 21927 रन बनाए हैं। अगर वह तीसरे टेस्ट मैच में वह 73 रन बना लेते हैं तो इंटरनेशनल क्रिकेट में 22 हजार रन बनाने वाले इंग्लैंड के पहले और दुनिया के नौवें क्रिकेटर बन जाएंगे।



### आईपीएल में करेंगे गेंदबाजी

**एडीलेड।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने साफ किया कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने साफ किया कि उनके मैनेजर की 'गड़बड़ी' की वजह से उन्हें अगले हफ्ते होने वाली छोटी नीलामी में गलती से बल्लेबाज के तौर पर पंजीकृत कर दिया गया। पीठ की सर्जरी से उबरने के कारण 2025 सत्र से बाहर रहे 26 साल के ग्रीन जून में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटे थे। हालांकि इसके बाद उन्हें गेंदबाजी करने की इजाजत मिल गई है और वह ऑस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड के बीच चल रही एशेज श्रृंखला में गेंदबाजी कर रहे हैं।



# जायसवाल ने 48 गेंद में जड़ा शतक, सरफराज ने खेली धुआंधार पारी

## मुंबई ने 235 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में हासिल किया, हरियाणा को हराया

एजेंसी ▶▶| अम्बी

टी20 टीम में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की अनदेखी के बाद यशस्वी जायसवाल ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग बी मैच में 48 गेंद में शतक जड़कर गत चैंपियन मुंबई की हरियाणा पर चार विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। सुपर लीग के अपने पहले मैच में हैदराबाद के खिलाफ एकतरफा हार के बाद जायसवाल (50 गेंद में 101 रन) और सरफराज खान (24 गेंद में 64 रन) की पारियों से मुंबई ने हरियाणा के 235 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.3 ओवर में छह विकेट पर 238 रन बनाकर जीत दर्ज की। जायसवाल और सरफराज ने सिर्फ 6.1 ओवर में 88 रन जोड़कर मुंबई की फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद जीवंत रखी। मैच के बाद पुरस्कार



वितरण समारोह के दौरान जासवाल ने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 50 हजार रुपये का चैक लेने के लिए अपने साथ सरफराज को भी बुलाया। इससे पहले हरियाणा के कप्तान अंकित कुमार (42 गेंद में 89 रन) और प्रतिभावान ऑलराउंडर निशांत सिंधू (38 गेंद में 63 रन) ने सिर्फ 8.1 ओवर में 110 रन जोड़कर टीम को 20 ओवर में तीन विकेट पर 234 रन तक पहुंचाया। मुंबई के लिए अनुभवी अजिंक्य रहाणे ने 10 गेंद में 21 रन बनाए। हरियाणा के तेज गेंदबाजों ने 125 से 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी की, जिससे मुंबई के बल्लेबाजों के लिए सपाट पिच पर रन बनाना आसान हो गया। जायसवाल ने पुल और रैंप शॉट खेले। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके मारे। सरफराज ने भी सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक के साथ आईपीएल नीलामी के लिए अपना दावा मजबूत किया।

### रेड्डी का शतक, आंध्र की पंजाब पर रोमांचक जीत

पुणे। युवा बल्लेबाज हेमंत रेड्डी ने शानदार गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करते हुए नाबाद 109 रन की पारी खेली, जिससे आंध्र ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ए मैच में पंजाब पर पांच विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की। रेड्डी अपने करियर का सिर्फ दूसरा मुश्ताक अली ट्रॉफी का मैच खेल रहे थे। 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र का पूरा शीर्ष क्रम और मध्य क्रम चरमरा गया, जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 56 रन हो गया लेकिन 23 वर्षीय रेड्डी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 53 गेंद में 11 चौके और सात छक्के जड़ित शतकीय पारी खेली। इससे आंध्र ने पांच विकेट पर 211 रन बनाकर मैच की आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत दर्ज की। पंजाब के लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार (23 रन देकर तीन विकेट) ने आंध्र के बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन मुंबई इंडियंस के पूर्व नेट गेंदबाज बरार ने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज श्रीकर भरत (01) और अश्विन हेब्बर (04) को आउट कर दिया, जिससे आंध्र का स्कोर दो विकेट पर सात रन हो गया। तेज गेंदबाज आयुष गोयल ने भी नीतीश कुमार रेड्डी का विकेट लिया, जिससे आंध्र का स्कोर चार विकेट पर 35 रन हो गया और फिर नौवें ओवर में जल्द ही पांच विकेट पर 56 रन हो गया।

# भारत ने पहली बार जीता स्क्वाश विश्व कप का खिताब




**चेन्नई।** भारत ने स्क्वाश विश्व कप के फाइनल में हांगकांग को 3-0 से हराकर पहली बार इस खिताब को जीत इतिहास रच दिया। भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला एशियाई देश बन गया। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में कांस्य पदक जीतना था। यह खिताबी जीत भारतीय स्क्वाश के लिए निश्चित रूप से अच्छी खबर है क्योंकि यह खेल लॉस एंजिल्स 2028 में ओलंपिक में अपना पदार्पण करने जा रहा है। मिश्रित टीम स्पर्धा में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने बिना कोई मैच हारे खिताब अपने नाम किया। ग्रुप चरण में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को समान 4-0 के अंतर से हराने के बाद भारत ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और दो बार के चैंपियन मिस्र को 3-0 से हराया।

# ओडिशा मास्टर्सः उन्नति और किरण का शानदार प्रदर्शन, जीता खिताब




एजेंसी ▶▶| कटक

शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और किरण जॉर्ज ने ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्नति ने संयम का परिचय देते हुए हमवतन खिलाड़ी इशारानी बरुआ को महज आधे घंटे में 21-17, 21-10 से हराया। इस 18 साल की खिलाड़ी ने रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा और इशारानी को लय हासिल करने का मौका नहीं दिया। इस हार के बावजूद इशारानी ने रजत पदक हासिल कर इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे वरीयता प्राप्त जॉर्ज ने पुरुष एकल फाइनल में इंडोनेशिया के मुहम्मद यूसुफ को 65 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-14, 13-21, 21-16 से हराया। जॉर्ज ने पहला गेम जीता लेकिन यूसुफ ने जोरदार वापसी करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया। जॉर्ज ने इसके बाद जुझारूपन और रणनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए निर्णायक गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

अंडर 19 एशिया कपः

# टीम इंडिया ने पाकिस्तान को धोया, 90 रन से दी मात




एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने अंडर 19 एशिया कप 2025 में पाकिस्तान को 90 रन से हरा दिया। दुबई में खेले गए मैच में टीम इंडिया ने 46.1 ओवर में 240 रन का स्कोर बनाया। उसकी तरफ से एरॉन जॉर्ज ने सर्वाधिक 85 रन की पारी खेली तो कनिष्क चौहान ने 46 रन बनाए। इसके बाद दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान के तीन-तीन विकेटों के बूते पाकिस्तानी टीम को 150 रन पर ही समेट दिया। पाकिस्तान 41.2 ओवर तक ही टिक सका। भारत की यह लगातार दूसरी जीत है। उसने पहले मैच में यूएई को मात दी। इस नतीजे के साथ ही भारत ने सेमीफाइनल में जगह बना ली।

भारत और पाकिस्तान के मुकाबले में बारिश ने खलल डाला. इससे मैच को 49-49 ओवर का किया गया। टीम इंडिया को पहले बैटिंग का न्यौता मिला। वैभव सूर्यवंशी पांच रन बनाकर जल्दी आउट हो गए। लेकिन कप्तान आयुष म्हात्रे (38) और जॉर्ज ने पारी को संभाला। इनके बीच 49 रन की साझेदारी हुई। म्हात्रे 25 गेंद में चार चौकों व तीन छक्कों से 38 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद लगातार टीम इंडिया के विकेट गिरते रहे। लेकिन जॉर्ज ने एक छोर थाम लिया। उन्होंने 88 गेंद में 12 चौकों व एक छक्के से 85 रन बनाए।

### मैच में हाथ नहीं मिलाने की नीति बरकरार

*दुबई। भारत ने रविवार को एशिया कप अंडर-19 क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ हाथ नहीं मिलाने की नीति बरकरार रखी, जिसमें कप्तान आयुष म्हात्रे की टीम ने 90 रन से जीत दर्ज की। म्हात्रे और पाकिस्तान के उनके समकक्ष फरहान यूसुफ ने आईसीसी अकादमी मैदान में टॉस के दौरान एक-दूसरे की अनदेखी की। मैच खत्म होने के बाद भी दोनों टीमों ने हाथ नहीं मिलाए। भारतीय खिलाड़ियों ने अंपायरों से हाथ मिलाया और मैदान से चले गए। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मैच में शुक्रवार को यूएई को 234 रन से हराया था, जिसमें वैभव सूर्यवंशी ने 95 गेंद में 171 रन की पारी खेली थी। पाकिस्तान ने उसी दिन मलेशिया को 297 रन से शिकस्त दी थी।*

### नहीं चली पाकिस्तानी बल्लेबाजी

लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तानी ओपनर्स ने क्रीज पर समय बिताने की रणनीति अपनाई लेकिन दीपेश के अटैक पर आने के बाद उसके बल्लेबाज एक-एक आउट होने लगे। पाकिस्तान के केवल तीन ही बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सके। हुफैजा अहसान ने सर्वाधिक 70 रन बनाए तो कप्तान फरहान यूसुफ ने 23 और ओपनर उस्मान खान ने 16 रन बनाए। दीपेश ने सात ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिए तो कनिष्क ने 10 ओवर में 33 पर तीन विकेट चटकाए।

## ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में, खरीदे जाएंगे अधिकतम 77 खिलाड़ी

# आईपीएल ऑक्शन: अनजाने भारतीयों पर बरसेगा पैसा!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2026 ऑक्शन में अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों पर फोकस रहने वाला है। फ्रेंचाइज के पास पैसा कम है और जगह भी कम भरनी है, साथ ही ज्यादा बड़े विदेशी खिलाड़ी भी इसमें नहीं है। ऐसे में घरेलू क्रिकेट में कमाल करने वाले भारतीय क्रिकेटर्स की मौज हो सकती है। कुछ नाम ऐसे हैं, जिनकी काफी चर्चा है और माना जा रहा है कि इन्हें लेने के लिए ऑक्शन के दौरान फ्रेंचाइज में कड़ा मुकाबला हो सकता है। ऑक्शन से पहले जान लेते हैं कि कौनसे अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों पर मोटी बोली लग सकती है।



### कार्तिक शर्मा

राजस्थान के विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक शर्मा 20 साल के हैं। वे लॉअर मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करते हैं और तूफानी अंदाज में खेलते हैं। कार्तिक छक्के उड़ाने की क्षमता के चलते सुर्खियों में हैं. ।19 साल की उम्र में उन्हें जेएसडब्ल्यू ने साइन कर लिया था। कार्तिक शर्मा ने 12 टी मैचों में अभी तक 164 की स्ट्राइक रेट से 334 रन बनाए हैं। इनमें 28 छक्के शामिल है। कार्तिक ने फर्स्ट क्लास और लिस्ट ए क्रिकेट में डेब्यू पर ही शतक लगाए थे।




### अशोक शर्मा

राजस्थान से आने वाले अशोक शर्मा पहले आईपीएल का हिस्सा रहे हैं। वे कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स में शामिल रहे हैं। लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। अशोक शर्मा लगातार 140 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बॉलिंग करते हैं। उन्होंने हालिया सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में जबरदस्त प्रदर्शन किया।

### क्रेंस फुलेत्रा

सौराष्ट्र से आने वाले क्रेंस फुलेत्रा चाइनामैन बॉलर हैं। वे पिछले आईपीएल सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ नेट बॉलर के रूप में रहे हैं। फुलेत्रा ने अभी तक सौराष्ट्र के लिए दो ही टी20 मैच खेले हैं। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने ही इस अनजाने गेंदबाज का नाम सनराइजर्स को बताया था। चाइनामैन बॉलिंग के चलते अब कई फ्रेंचाइज ने उनमें दिलचस्पी दिखाई है।




### आकिब नबी

जम्मू कश्मीर से आने वाला यह तेज गेंदबाज पिछले सीजन से सबसे सफल रहा है। आकिब नबी पिछले रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज थे। इस साल भी पहले हाफ में तेज गेंदबाजों में वे ही सबसे आगे हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी आकिब ने कमाल किया था। उन्होंने सात मैच में 15 शिकार किए थे। वे कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के साथ नेट बॉलर के तौर पर रह चुके हैं।

### प्रशांत वीर

उत्तर प्रदेश से आने वाले प्रशांत वीर ऑलराउंडर हैं। वे बाएं हाथ के फिरकी गेंदबाज और बल्लेबाज हैं। 20 साल के प्रशांत ने हाल ही में यूपी के लिए अंडर 23 और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में साथ-साथ खेले थे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उन्होंने 170 की स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाने के साथ ही 6.76 की इकॉनमी से नौ विकेट लिए थे। वे सबसे पहले यूपी टी20 लीग में नोएडा सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए सुर्खियों में आए थे।






# विक्रम-1 से अंतरिक्ष में भारत का दबदबा पहली उड़ान के लिए तैयार प्राइवेट रॉकेट

नई दिल्ली। स्काईरूट एयरोस्पेस भारत के निजी अंतरिक्ष उड़ान इतिहास में एक ऐतिहासिक पल के लिए तैयार है, क्योंकि उनका विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली उड़ान के लिए पूरी तरह से तैयार हो चुका है। हैदराबाद की यह नई कंपनी पहली भारतीय निजी कंपनी बनने जा रही है जो खुद के बनाए रॉकेट को कक्षा में स्थापित करेगी। यह देश के नए नीजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। कंपनी के सह-संस्थापक भरत डाका ने बताया कि विक्रम-1 रॉकेट को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पहुंचा दिया गया है।वहां अभी उसे जोड़ने और एकीकरण का काम चल रहा है।



### कब लॉन्च होगा विक्रम-1?

स्काईरूट का लक्ष्य है कि अगले 2 महीनों के अंदर वह विक्रम-I को उसकी पहली अंतरिक्ष उड़ान पर भेजें। यह लॉन्च श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसरो के लॉन्च पैड का इस्तेमाल करके किया जाएगा। स्काईरूट कंपनी जिसने हाल ही में 2,00,000 वर्ग फुट में बने इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन किया है और पहली कोशिश में ही रॉकेट को कक्षा में पहुंचाना चाहती है।



### जारी हैं लॉन्च की तैयारियां

विक्रम-1 एक चार-चरणों वाला रॉकेट है जिसे खास तौर पर छोटे सैटेलाइट्स को लॉन्च करने के बढ़ते बाजार की जरूरतें पूरी करने के लिए बनाया गया है। इस रॉकेट में ठोस ईंधन वाले चरण हैं जिन्हें एडवांस्ड मार्गदर्शन और कंट्रोल सिस्टम के साथ जोड़ा गया है। अब जब लॉन्च पैड पर रॉकेट का सारा हार्डवेयर तैयार है तो स्काईरूट की कंट्रोल टीम भी पूरी तरह से काम कर रही है।

### तैयारी में जुटे हैं इंजीनियर्स

कंट्रोल टीम रॉकेट के सॉफ्टवेयर, संचार लिंक और उड़ान के दौरान असली समय की निगरानी करने वाले उपकरणों की जांच में लगे हुए हैं, क्योंकि अब तेजी से उलटी गिनती शुरू होने वाली है। साथ ही इंजीनियर सिमुलेशन और रिहर्सल कर रहे हैं कि जमीन पर लगी मशीनें रॉकेट के प्रदर्शन को लॉन्च होने से लेकर उसके स्टेज अलग होने तक ठीक से ट्रैक कर सकें।

# शादी में नहीं थी लग्जरी कार, तालाब बनी सड़क और नाव बनी सवारी

**भीलवाड़ा।** आमतौर पर देखा जाता है कि अक्सर अपने लग्जरी गाड़ी बैलगाड़ी या फिर हेलीकॉप्टर पर बारात आते हुए देखा होगा क्या कभी आपने सोचा है कि कभी तालाब पर बोट से भी बारात आ सकती है, लेकिन ऐसा हुआ है और भीलवाड़ा जिले के लखोला गांव में ऐसा देखा गया है। गंगापुर उपखंड क्षेत्र के लाखोला गांव में एक अनोखी और यादगार बारात ने पूरे इलाके का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। जहां आजकल शादियों में डीजे, बैंड और लग्जरी गाड़ियों का चलन है, वहीं लाखोला गांव में परंपरा का ऐसा मेल देखने को मिला। जिसने सभी को हैरान कर दिया। यहां बारात सड़क से नहीं, बल्कि तालाब के रास्ते नावों में निकाली गई। सजी–धजी 7 नावों में सवार दूल्हा और बाराती 5 किलोमीटर का सफर तय कर बगैरा गांव पहुंचे। गंगापुर उपखंड क्षेत्र के लाखोला गांव में यह बारात तालाब के रास्ते नावों में निकाली गई।

**तालाब के बीच से गुजरती यह नावः** बारात बेहद मनमोहक दृश्य पेश कर रही थी। लहरों के साथ आगे बढ़ती नावें लोगों को रोमांच और खुशी से भर रही थीं। जैसे ही नावें तालाब में उतरीं, दोनों किनारों पर सैकड़ों ग्रामीण जमा हो गए।



महिलाएं स्थानीय लोक गीत गाती रहीं, बच्चे तालियां बजाते रहे और बुजुर्ग इस अनोखे आयोजन की जमकर सराहना करते दिखे। इस आयोजन का विचार लाखोला गांव के एक युवा का था, जो मोबाइल शॉप का संचालन करते हैं और पहले डिस्ट्रीब्यूटर रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि गांव में हेलीकॉप्टर से बारात की चर्चा ने उन्हें प्रेरित किया कि कुछ नया और यादगार किया जाए, जिससे परंपरा भी बनी रहे और गांव की पहचान भी बढ़े। 5 किलोमीटर लंबा यह नावों का सफर न केवल चर्चा का विषय बना, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी नई पहचान दे गया।








**वैज्ञानिकों का कहना है कि धरती के अंदर की गर्मी कम होती जा रही**

# धरती का बैलेंस बिगड़ा? एक हिस्सा तेजी से ठंडा, दूसरा गर्म

एजेंसी ⏭ न्यूयार्क

धरती ऊपर से भले शांत दिखती हो, लेकिन उसके अंदर लगातार हलचल चलती रहती है। अब एक नई रिसर्च बताती है कि हमारा ग्रह दोनों ओर बराबर रफ्तार से ठंडा नहीं हो रहा। खासकर वह हिस्सा जिसके नीचे प्रशांत महासागर फैला है, वह बाकी पृथ्वी के मुकाबले ज़्यादा तेजी से अपना तापमान खो रहा है। वैज्ञानिकों ने जब धरती के अंदर से निकलने वाली गर्मी के



लंबे हिसाब को देखा, तो एक खास बात सामने आई. समंदरों के नीचे जो पतली परत होती है, उसे ओशैनिक क्रस्ट कहते है। यह परत नई बनती रहती है, पतली होती है और ऊपर से ठंडे पानी से घिरी होती है। इन तीन कारणों से यह हिस्सा गर्मी को बहुत आसानी से बाहर निकाल देता है। दूसरी तरफ, ज़मीन वाला हिस्सा यानी कॉन्टिनेन्टल क्रस्ट काफी मोटा और पुराना है। मोटी परत में से गर्मी बाहर आने में ज्यादा समय लगता है। यही वजह है कि धरती के दोनों हिस्सों में गर्मी निकलने की रफ्तार अलग अलग हो गई है और यह फर्क लाखों सालों में साफ दिखने लगा है। इस वजह से प्लेटों की चाल, ज्वालामुखी और गहरी परतों की गतिविधि बदलती है।

### रिंग ऑफ फायर

वैज्ञानिकों का मानना है कि धरती के एक हिस्से के जल्दी ठंडा होने का असर प्लेटों की हलचल तक पहुंचता है। तापमान बदलने से धरती के अंदर की गरम चट्टानी परत यानी मेंटल के बहने की दिशा बदलती है। यही बहाव तय करता है कि नई पपड़ी कहां बनेगी, पुरानी पपड़ी कहां धरती के भीतर धंसेगी और टेक्टोनिक हलचल कहां ज्यादा होगी। प्रशांत महासागर वाला हिस्सा वैसे भी रिंग ऑफ फायर के नाम से जाना जाता है, क्योंकि यहां ज्वालामुखी और भूकंप काफी होते है। शोधकर्ता अब मानते हैं कि इस इलाके की ऐसी गतिविधि का संबंध धरती के इसी असमान ठंडे होने से भी हो सकता है। वैज्ञानिक इस खोज को धरती के बीते इतिहास को समझने की चाबी मानते हैं।

**क्या इससे धरती पर मौसम या तापमान में कोई जल्दी बदलाव होगा?** सीधा जवाब है- नहीं। धरती के अंदर का ठंडा होना बहुत ही धीमी प्रक्रिया है। इतनी धीमी कि इंसानी इतिहास इसकी तुलना में कुछ भी नहीं। यह रिसर्च सिर्फ यह बताती है कि धरती भीतर से कैसे काम करती है, न कि यह कि हम किसी अचानक ठंडे दौर में घुसने वाले है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सतह के मौसम का धरती के भीतर की ठंडक से कोई सीधा लेना देना नहीं है।




# बर्फ के अंदर 2 घंटा 30 सेकंड बिता बनाया अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड



**लंदन।** ठंड के दिनों में अक्सर ऐसा होता है कि लोग पानी छूने से भी कतराते हैं। कई लोग भले ही जैसे-तैसे करके ठंडे पानी से नहा लेते हैं, लेकिन अधिकतर लोग गर्म पानी से ही नहाते हैं। ऐसे में जरा सोचिए कि भयंकर ठंड में कोई भला बर्फ पर सोना चाहेगा। शायद आप कहेंगे नहीं, लेकिन सोशल मीडिया पर इन दिनों ऐसा ही एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक बंदा न सिर्फ बर्फ पर सोता नजर आता है, बल्कि अपने सिर को छोड़कर वो पूरा का पूरा बर्फ के अंदर ही घुस जाता है और एक ऐसा अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड बना देता है, जिसके बारे में सुनकर ही लोग कांप जाएं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि बंदे ने सिर्फ पैंट पहनी हुई है और उसी तरह बर्फ के ऊपर सो जाता है। इसके बाद कुछ लोग आते हैं और उसके ऊपर बर्फ ही बर्फ डालते चले जाते हैं। बर्फ के बाहर सिर्फ उसका मुंह और गर्दन निकली होती है, बाकी का पूरा शरीर बर्फ के अंदर होता है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बंदा कैसे कांप रहा है, लेकिन इसके बावजूद वो हार नहीं मानता। वह बर्फ के अंदर 2 घंटा 30 सेकंड बिता लेता है और इस तरह अपने नाम एक अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड कर लेता है। इस बंदे का नाम लुकास्ज स्जपुलार है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com